राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 70 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1000 दीदीयों को ड्रोन सौंपा।

### आदर्श विचार



"ध्यान का अर्थ है भीतर से मुस्कुराना।"
भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू

= तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता, सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था

**आवेदन**

8 पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए पोर्टल भी तैयार कर लिया गया है, जिसके जरिए गैर मुस्लिम प्रवासी समुदाय के लोग नागरिकता पाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के नियमों को तैयार करने के लिए लोकसभा में अधीनस्थ कानून पर संसदीय समिति की तरफ से एक और विस्तार मिला था। पहले के सेवा विस्तार की अवधि नौ जनवरी को खत्म हो गई थी। सीएए के नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सातवीं बार विस्तार प्रदान किया गया था। इससे पहले राज्यसभा से भी गृह मंत्रालय को उक्त विषय पर नियम बनाने व लागू कराने के लिए 6 महीने का विस्तार मिला था। सीएए नियमों के तहत ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे जाएंगे। इस प्रक्रिया का काम पूरा हो चुका है। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी, शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी।







### सीएए में अब तक मुस्लिमों को क्यों नहीं जोड़ा गया?

**गृहमंत्री** अमित शाह ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर संसद में बताया था कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश मुस्लिम देश हैं। वहां धर्म के नाम पर बहुसंख्यक मुस्लिमों का उत्पीड़न नहीं होता है, जबकि इन देशों में हिंदुओं समेत अन्य समुदाय के लोगों को धर्म के आधार पर प्रताड़ित किया जाता है। इसलिए इन देशों के मुस्लिमों को नागरिकता कानून में शामिल नहीं किया गया है। हांलाकि, इसके बाद भी वह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिस पर सरकार विचार कर फैसला लेगी।

### नागरिकता के लिए कैसे करें आवेदन?

**नागरिकता** पाने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन ही रखी गई है। जिसे लेकर एक ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया जा चुका है। नागरिकता पाने के लिए आवेदकों को अपना वह साल बताना होगा जब उन्होंने बिना किसी दस्तावेज के भारत में प्रवेश किया था। आवेदक से किसी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी मामले लंबित उन सबको ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। पात्र विस्थापितों को सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना आवेदन करना होगा। जिसके बाद गृह मंत्रालय आवेदन की जांच करेगा और आवेदक को नागरिकता जारी कर दी जाएगी।

**क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड?**

यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर एक बार फिर से चचाएं तेज हो गई हैं। सरकार ने इसे लागू करने के संकेत दे दिए हैं जिसके बाद से ही यूसीसी को लेकर लोगों के बीच चर्चा हो रही है। बता दें कि यूसीसी में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक सामान, एक बराबर कानून बनाने की बात की गई है। आसान भाषा में समझें तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदाओं के लिए कानून एक समान हो जाएगा।

### सीएए कब हुआ था पारित?

**सीएए** को भारतीय संसद में 11 दिसंबर, 2019 को पारित किया गया था, जिसमें 125 वोट इसके पक्ष में पड़े थे और 105 वोट इसके खिलाफ थे। राष्ट्रपति द्वारा इस विधेयक को 12 दिसंबर को मंजूरी भी दे दी गई थी। मोदी सरकार और उसके समर्थक जहां इसे ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं, वहीं विपक्ष, मुस्लिम संगठन द्वारा इसका काफी विरोध किया जा रहा हैं। नागरिकता संशोधन कानून है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद ये बिल नागरिक संशोधन कानून यानी एक्ट बन गया है।

## 'हम लोकसभा चुनाव से पहले अशांति नहीं...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को सीएए, एनआरसी को लेकर बड़ा बयान दिया। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम लोगों के साथ भेदभाव करता है तो वह इसका विरोध करेंगी। उन्होंने कहा , "सीएए, एनआरसी बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए संवेदनशील है। साथ ही ममता ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हम अशांति नहीं चाहते।"

**भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे- ममता:** सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि एनआरसी और सीएए के नाम पर लोगों को डिटेंशन कैंप में भेजा जाएगा तो वो विरोध करेंगी। सीएए नियमों को अधिसूचित किए जाने की अटकलों पर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, "लोगों के साथ भेदभाव करने वाली किसी भी चीज का विरोध करेंगे।"

## पहले मुझे नियमों को देखने दीजिएः सीएम



सीएए नियमों को अधिसूचित करने की संभावना पर सीएम ममता ने कहा, "पहले मुझे नियमों को देखने दीजिए। अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की गई है। अगर लोगों को नियमों के तहत उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है, तो हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। यह चुनाव के लिए बीजेपी का प्रचार है, इसके सिवा कुछ नहीं है।"

**क्या है सीएम और इससे किसे मिलेगी नागरिकता:** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले मोदी सरकार ने बड़ा सियासी दांव चल दिया है। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**क्या है नागरिकता संशोधन कानून?:** सीएए नागरिकता संशोधन कानून 2019, तीन पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश) के उन अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोलता है, जिन्होंने लंबे समय से भारत में शरण ली हुई है।

इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है।

## संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच जारी रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले से संबंधित संदेशखाली मामले में सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

## तीसरा कार्यकाल महिला सशक्तिकरण पर एक नया अध्याय लिखेगाः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज एक और पहल की गई। दरअसल, दिल्ली में आयोजित 'सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1000 दीदीयों को ड्रोन सौंपा।

**11 विभिन्न स्थानों से पहुंची महिलाएं :** प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया गया है। इसमें देशभर के 11 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदीयां शामिल हुआ हैं। यह योजना महिलाओं को आधुनिकता के साथ एग्रीकल्चर में अपना योगदान देने के लिए शुरू किया गया है। इसके लिए सरकार फ्री में ट्रेनिंग भी दे रही है।



**'3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े पार करने का उद्देश्य':** पीएम मोदी ने कहा, "आज का ये कार्यक्रम महिलासशक्तीकरण के लिहाज से बहुत ऐतिहासिक है। आज मुझे नमो ड्रोन दीदी अभियान के तहत 1 हजार आधुनिक ड्रोन महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सौंपने का अवसर मिला है। मैंने ये फैसला लिया कि हमें अब 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है। इसी उद्देश्य से आज 10 हजार करोड़ रुपये की राशि भी इन दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई है।" पीएम मोदी ने कहा, "कोई भी देश हो, कोई भी समाज हो, वो नारीशक्ति की गरिमा बढ़ाते हुए, उनके लिए नए अवसर बनाते हुए ही आगे बढ़ सकता है।

## नए सीईसी-ईसी की नियुक्ति का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें केंद्र को 2023 के कानून के अनुसार नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से रोकने की मांग की गई है, जिसके प्रावधानों को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई है। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे और अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद चुनाव आयुक्तों की दो रिक्तियां हैं। याचिका कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती दी है।

## चुनावी बॉन्डः एसबीआई को आज देनी होगी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड की जानकारी देने को कहा है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 15 मार्च को शाम 5 बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी पब्लिश करने का निर्देश दिया है।

**एसबीआई को आज देनी होगी जानकारी:** याचिकाकर्ता जया ठाकुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझा और एसबीआई को कल तक सभी दस्तावेज जमा करने का आदेश जारी किया है। मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन फैसला है, मैं इसका स्वागत करती हूं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि 26 दिन में आपने क्या किया। ये बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि एसबीआई को सिर्फ सीलबंद कवर खोलना है, विवरण एकत्र करना है और चुनाव आयोग को जानकारी देनी है। पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? आपका आवेदन उस पर चुप है।

वहीं, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई की ओर से पक्ष रखा। हरीश साल्वे ने कोर्ट को बताया कि बैंक को चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण जमा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।



**फटकार**

8 सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक की याचिका को खारिज कर दिया

## महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में 8 दिसंबर को सांसदी चली गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सुनवाई की। साथ ही, कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई मई में की जाएगी।

**लोकसभा महासचिव से मांगा था जवाब:** मोइत्रा की याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने कहा, "6 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में एक गैर-विविध दिन की सूची बनाएं। मोइत्रा के वकील का कहना है कि उनका प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है।" दरअसल, शीर्ष अदालत ने तीन जनवरी को मोइत्रा की उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा महासचिव से जवाब मांगा था।

**कोर्ट ने लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने पर लगाई थी रोक:** पीठ ने उनकी अंतरिम प्रार्थना पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था कि उन्हें लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जाए। कोर्ट का कहना था कि उन्हें अनुमति देना राहत देने के समान होगा। शीर्ष अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष और सदन की आचार समिति को नोटिस जारी करने से भी इनकार कर दिया था। दरअसल, मोइत्रा ने अपनी याचिका में दोनों को प्रतिवादी बनाया था। ध्वनि मत से पारित हुआ था बाहर निकालने का प्रस्ताव पिछले साल 8 दिसंबर को, एथिक्स पैनल की रिपोर्ट पर लोकसभा में तीखी बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'अनैतिक आचरण' के लिए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को सदन से बाहर निकालने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया।



**याचिका**

8 8 दिसंबर को सांसदी चली गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी

## अब धार भोजशाला का सर्वे होगा, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौरः** ज्ञानवापी की तर्ज पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दे दिए हैं। इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पांच एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा है। छह सप्ताह में इस टीम को अपनी रिपोर्ट बनाकर सौंपनी होगी। बता दें कि अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मामले को लेकर ट्वीट किया है। उन्होंने आदेश की कॉपी के साथ लिखा है कि "मध्य प्रदेश में भोजशाला/धार के एएसआई सर्वेक्षण के लिए मेरे अनुरोध को इंदौर उच्च न्यायालय ने अनुमति दे दी है..."। गौरतलब है कि हिंदू पक्ष की ओर से इसका पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने की मांग की गई थी। जिस पर इंदौर हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, हिंदू पक्ष ने यहां होने वाली नमाज पर भी रोक लगाने की मांग की थी। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारक है, जिसका नाम राजा भोज पर रखा गया था।

**पहले जान लेते हैं क्या है भोजशाला विवादः** धार की भोजशाला राजा भोज ने बनवाई थी। जिला प्रशासन की वेबसाइट के अनुसार यह एक यूनिवर्सिटी थी।



**सर्वे हगा**

8 सोमवार को कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पांच एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा परेशान हैं

## भाजपा सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद अनंत हेगडे.के बयान, 'संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है' को लेकर सियासी बवाल जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनंत कुमार हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को भाजपा पर जमकर हमला किया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल संविधान में संशोधन करके भारी जनादेश प्राप्त करना है। खरगे ने कहा, "मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा ने संविधान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है।"

## गाजीपुर में दर्दनाक हादसा : पांच जिंदा जले

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुरः** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बस में लगी आग के बाद अभी तक पांच शव बाहर निकाले गए हैं। कई लोग झुलस गए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर चीख-पुकार मची है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी बताई जा रही है। कुल 38 बराती बस में सवार थे। सूचना पाकर मौके पर मोबाइल फोरेंसिक टीम भी पड़ताल के लिए पहुंच गई है। इस हादसे में 5 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, दर्जनभर लोग झुलसे हुए हैं। दो लोगों की हालत गंभीर है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि यहां एक निजी बस में आग आग लग गई है।

**समारोह** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 143 करोड़ रुपये की 14 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्प एवं शिलान्यास किए

## आर्थिक चुनौतियों का सामना डटकर कियाः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/इंदौरा**

**इंदौराः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कांगड़ा जिला के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय इंदौरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इंदौरा में उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोलने, मोकी सुरडबां में 33 केवी सब स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्ग डमटाल के पास पर्यटन होटल/यूनिटी मॉल खोलने, इंदौरा में ऑडिटोरियम/इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने, 3 पुलों सहित मोहतली-इंदौरा सडक की चौड़ाई एवं सुधारीकरण करने, डमटाल गौशाला में गौवर्धन इकाई स्थापित करने, कंदरोड़ी में कोल्ड स्टोर, एचआरटीसी वर्कशॉप/क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पठानकोट से ढांगू स्थानांतरित करने, इंदौरा में पशु पालन विभाग का उपमंडल कार्यालय खोलने, पठानकोट से चंढीगड़ वाया डमटाल, इंदौरा, रे, कटियाड़, तलवाड़ा, अम्ब व ऊना एचआरटीसी की नई बस सेवा आरम्भ करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हगवाल और कंगरेरी अधिसूचित करने, पशु औषधालय डुग्घ-बाकशियां तहसील इंदौरा को पशु चिकित्सालय में स्तरोन्नत करने, चक्कीखड्ड पर पुल का निर्माण डमटाल से माजरा, महोतली खड्ड और सुरादवान से मलकाना पुल के निर्माण की घोषणा की। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 माह पूर्व जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो चर्चा शुरू हुई कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू कभी मंत्री नहीं रहे अब मुख्यमंत्री पद कैसे संभालेंगे। लेकिन मैंने आर्थिक चुनौतियों का सामना डटकर किया क्योंकि कर्ज के सहारे व्यवस्था नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि मेरे साथ आम जनता का समर्थन है। सभी चुनौतियों का सामना कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें धन-बल से लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है।



**विकास कार्य**

8 साथ आम जनता का समर्थन है। सभी चुनौतियों का सामना कर रहा हूं :मुख्यमंत्री

## सीएए लागू होने के बाद दिल्ली में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना सोमवार को जारी हो गई है। नागरिकता संशोधन अधिनियम की घोषणा के बाद पूर्वी दिल्ली के यमुनापार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलों के द्वारा इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 56–अम्बाला/2023–24 दिनांक 11/03/2024

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मण्डल अभियन्ता/सहारनपुर के अधीन सहारनपुर–अम्बाला के सेक्शन में महत्वपूर्ण Br- no. 245, 1317, 219, 242, 251, 263 पर पीएफ डोकने, सीढ़ियों, टो वॉल, स्टोन पिचिंग और अन्य संबंधित कार्य। | 1,88,03,365 | 2,44,400 | 10 महीने | 03.04.2024 |
| 2 | कालका कॉलोनी जगाधरी वर्कशॉप में एक सिंगे पिट स्टील वाटर स्टोरेज टैंक नंबर 4 को 225000 लीटर क्षमता के 2 Nos. आरसीसी टैंक से बदलना और पुराने फेल ट्यूबवेल नंबर 4 के स्थान पर एक गहरा ट्यूबवेल। | 96,51,084 | 1,93,000 | 06 महीने | 03.04.2024 |
| 3 | सहायक मण्डल अभियन्ता/अम्बाला के तहत एसएसई कार्य (एम)/अम्बाला के अनुभाग में आरएएफ पूर्ववर्ती अनुभाग पर क्षतिग्रस्त एलसीएस संख्या–113, 120 का सुधार/तत्काल मरम्मत। | 85,77,872 | 1,71,600 | 03 महीने | 03.04.2024 |
| 4 | दूएमवी–आरएए और एमओवाई–यूएसबी अनुभाग पर क्षतिग्रस्त एलएचएस संख्या–114, 115 की महत्वपूर्ण/तत्काल मरम्मत और एलएचएस और स्टेशन यार्ड के sump wells की डीवाटरिंग और डीसिल्टिंग। | 84,73,245 | 1,69,500 | 03 महीने | 03.04.2024 |
| 5 | सहायक मंडल अभियन्ता/राजपुरा के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/राजपुरा के सेक्शन में विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत कार्य TBR-324.09 km. (2020.21), TBR-176-21km. (2022-23) एवं TSR- 9.59km. (2021-22) से संबंधित cess repair का कार्य। | 2,88,76,107 | 2,94,400 | 12 महीने | 03.04.2024 |
| 6 | सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अधीन सरहिंद–दौलतपुर चौक सेक्शन पर पंजाब जलापूर्ति और सिवरेज बोर्ड के लिए मोरिंडा यार्ड में किलोमीटर 23/8–7 में रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे से 1200 mm MS Casing pipe से 1000 mm MS Casing pipe से 800 mm व्यास DI K-9 सिविर पाइप की क्रॉसिंग से संबंधित कार्य। | 2,94,08,544 | 2,97,100 | 04 महीने | 03.04.2024 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल अभियंता II के तहत सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में बरनाला और मलेरकोटला स्टेशन पर गुड्स शेड का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | 4,03,35,667 | 3,51,700 | 06 महीने | 03.04.2024 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल अभियंता II के तहत सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में लहरा गागा & संगरूर स्टेशन पर गुड्स शेड का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | 4,40,35,243 | 3,70,200 | 06 महीने | 03.04.2024 |
| 9 | वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के तहत सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अनुभाग में अहमदगढ़ स्टेशन के गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | 3,19,44,248 | 3,09,700 | 06 महीने | 03.04.2024 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/पेटने पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 762/24



**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी/ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा खान–पान स्टाल की पांच वर्षों के लिए डी एवं ई श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर ई–नीलामी की जाएगी। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। ई–नीलामी के माध्यम से आमंत्रित बोली का ब्यौरा निम्नानुसार है– नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-01-24

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | रेट यूनिट | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-JPS-GMU-34-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 जगाधुर शेखा रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-SML-GMU-24-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 शिमला रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-SHZ-GMU-23-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए circulating एरिया में समर हिल रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 10:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-SML-GMU-57-24-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल न. 2 शिमला एक्सटेंशन–2 | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:00 बजे |
| 5 | Catg-UMB-JUDW-GMU-35-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 2 जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:10 बजे |
| 6 | Catg-UMB-UKN-GMU-35-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 उकलाना रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:20 बजे |
| 7 | Catg-UMB-SFMU-SMU-32-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 सुनाम बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:30 बजे |
| 8 | Catg-UMB-SOL-SMU-56-24-1 खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए स्टाल न. 1 प्लेटफार्म न. 1 सोलन रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:40 बजे |
| 9 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति महिला श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 11:50 बजे |
| 10 | Catg-UMB-KRLI-SMU-38-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 कुराली रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:00 बजे |
| 11 | Catg-UMB-PUL-SMU-9-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 रामपुरा फूल रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:10 बजे |
| 12 | Catg-UMB-MOT-SMU-13-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट) (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए प्लेटफार्म नं. 2 मलोट रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:20 बजे |
| 13 | Catg-UMB-BCU-SMU-10-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति के लिए प्लेटफार्म न. 1 बुच्चो रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:30 बजे |
| 14 | Catg-UMB-DKT-SMU-14-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 धूलकोट रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:40 बजे |
| 15 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 12:50 बजे |
| 16 | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए स्टाल न. 14 प्लेटफार्म न. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 13:00 बजे |
| 17 | Catg-UMB-SOL-SMU-20-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए circulating एरिया सोलन रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 13:10 बजे |
| 18 | Catg-UMB-GDB-SMU-11-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 26.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 13:20 बजे |
| नीलामी केटलॉग सं. : UMB-WVM-02-2024 | | | | |
| 1 | MSS-UMB-PTA-WVM-16-23-2 (Misc-Static Services-01 Water Vending Machine पटियाला रेलवे स्टेशन पर) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 27.03.2024 को 10:00 बजे | 27.03.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | MSS-UMB-YJUD-WVM-13-23-2 (Misc-Static Services-01 Water Vending Machine यमुना नगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 27.03.2024 को 10:00 बजे | 26.03.2024 को 10:40 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 765/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ड्रग्स की दलदल में फंसती दिल्ली!

## बुराड़ी में मेथामफेटामाइन लैब का भंडाफोड़; मास्टर माइंड चिगमेजू जॉन गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में नाइजीरियाई नागरिकों ने मादक पदार्थ (हेरोइन, कोकीन समेत अन्य ड्रग्स) की लैब लगानी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के बाद अब दिल्ली के बुराड़ी इलाके में मादक पदार्थ बनाने की लैब का खुलासा हुआ है। द्वारका जिले के एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक नाइजीरियन को गिरफ्तार कर लैब का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान चिगमेजू जॉन (29) के रूप में हुई है। आरोपी की निशानदेही पर 129 ग्राम तैयार ड्रग्स व 78.6 किलोग्राम ड्रग्स तैयार करने के केमिकल, मादक पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस चिगमेजू से पूछताछ कर इसके बाकी साथियों की तलाश कर रही है। छानबीन के दौरान चिगमेजू के तार वेस्ट कमल विहार, बुराड़ी में 23 फरवरी को हुए धमाके से जुड़ गए हैं। मादक पदार्थ बनाने के दौरान वेस्ट कमल विहार में धमाके में दो नाइजीरियन नागरिकों की जान चली गई थी। चिगमेजू मरने वाले क्रिश्चियन नामक व्यक्ति के संपर्क में था। उसके मोबाइल से क्रिश्चियन की फोटो भी बरामद हुई है।

द्वारका जिला के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तैयार कर सप्लाई करने वाला एक युवक विकासपुरी नाले के पास आने वाला है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर सुभाष चंद व अन्यों की टीम ने छानबीन के बाद आरोपी चिगमेजू को दबोच लिया। उसके पास से मादक पदार्थ बरामद हुए। उत्तम नगर थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। छानबीन के दौरान आरोपी ने बताया कि संत नगर बुराड़ी इलाके में मेथामफेटामाइन बनाने की लैब लगाई है। पुलिस ने चिगमेजू की निशानदेही पर बी-ब्लॉक, संत नगर में दूसरी मंजिल पर छापेमारी की। वहां आरोपियों ने पूरी लैब लगाई हुई थी। वहां से मशीन और कच्चा माल बरामद हुआ। आरोपी के साथी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस चिगमेजू से पूछताछ कर उनकी तलाश कर रही है।

**कमल विहार में धमाके से हुई दो मौतों से जुड़े तार:** पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके कुछ साथियों ने बुराड़ी के वेस्ट कमल विहार में इसी तरह की लैब लगाई हुई थी। 23 फरवरी को उस लैब में धमाका हुआ। हादसे में क्रिश्चियन और ओकोली नामक दो नाइजीरियाई नागरिकों की मौत हो गई थी। इनके साथी दोनों को मृत अवस्था में एम्स छोड़कर भाग गए थे। उस मामले की अभी पड़ताल जारी है। उत्तरी जिला पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने चिगमेजू के मोबाइल की जांच की तो उसमें क्रिश्चियन की फोटो भी मिली। इससे पूर्व एंटी नारकोटिक्स सेल ने 31 जनवरी को ग्रेटर नोएडा में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार कर इसी तरह की लैब पकड़ी थी।



चांदनी चौक लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी से प्रवीण खंडेलवाल जी ने मरघट वाले बाबा हनुमान जी का आशीर्वाद लिया साथी गुरु जी पंडित वैभव शर्मा जी का आशीर्वाद लिया उनके साथ चांदनी चौक मंडल उपाध्यक्ष अमर खरे जी मंदिर के सेवादार भी है।


**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी उम्र : लगभग 60 साल, कद : 5'7", रंग : गेहुंआ, जिसने नीले रंग की जैकेट और काले रंग की पैंट पहने हुए था, दिनांक 27.02.2024 को नारंग कॉलोनी, नजदीक टी–प्वाईट, सब्जी मंडी, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 61–ए दिनांक 27.02.2024 थाना केशव पुरम, दिल्ली दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष : थाना केशव पुरम, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-27181325, 27151723, 0875087223

DP/2700/NW/24


## सीएए लागू होते ही नोएडा में पुलिस अलर्ट, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी होने के बाद से कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड पर है। सोमवार शाम तीनों जोन में पुलिस अधिकारियों ने पुलिसबल के साथ अलग-अलग जगहों पर पैदल मार्च किया। संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

**सादे कपड़े में भी पुलिस तैनात**

इन इलाकों में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। इस संबंध में पुलिस सभी धर्म गुरुओं के साथ पहले ही बैठक कर चुकी है। कई जगह पर सादा कपड़े में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया जा रहा है। शहर के कई हिस्से में ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। शहर को जोन और सुपरजोन में बांटा गया है। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। अगर किसी ने माहौल खराब करने वाला वीडियो साझा किया और ऐसी टिप्पणी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर डीजीपी मुख्यालय से भी नजर रखी जा रही है। सभी थाना-चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करने का निर्देश दिया गया है।

## शरजील की जमानत याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने देशद्रोही मामले में शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। इमाम की जमानत याचिका को ट्रायल कोर्ट पहले ही नामंजूर कर चुका है। हाईकोर्ट के जज सुरेश कुमार कैत और जज मनोज जैन की डिविजन बैंच ने दिल्ली पुलिस को दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा है।


**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका नाम: बाबू लाल, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम उम्र : लगभग 45 साल, कद : 5 फीट 6 इंच, रंग : सांवला शरीर: सामान्य, बाल व दाढ़ी : काले व सफेद, जो दिनांक 20.02.2024 को कैंटोनमेंट हॉस्पिटल स्टाफ नर्स, दिल्ली कैंट द्वारा एमएलसी नंबर 9एए पर बेहोशी की हालत में डीडीयू अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां दिनांक 23.02.2024 को लगभग 00:15 एम उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संदर्भ में डीडी सं.1ए, दिनांक : 23.02.2024 धारा 174 सीआरपीसी के तहत थाना दिल्ली कैंट, दिल्ली में दर्ज की गई है। मृतक शरीर को पहचान के लिए डीडीयू के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के रिश्तेदारों के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के रिश्तेदारों के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : दिल्ली कैंट नई दिल्ली
फोन: 011-28522653, 28522652
8586017909

DP/2921/SW/2024



**नोएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नोएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.com & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) नवीन निविदा कार्य:–

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 64/उ0म0प्र0/वरि0 प्र0(वि0/यां0)–3/2023–24/ई0नि0 | सैक्टर–06 मुख्य प्रशासनिक भवन एवं इन्दिरा कला केन्द्र में स्थापित डी0जी0 सैट के वार्षिक अनुरक्षण एवं सर्विसिंग का कार्य। | 23.18 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 26.03.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 27.03.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

ब) रि निविदा कार्य:–

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2 | 34/उ0म0प्र0/वरि0 प्र0–(वि0/यां0)–1/2023–24/ई0नि0 | इनवेस्ट यूपी लखनऊ को सियाज एवं बोलेरो कार किराये के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य। | 21.67 |
| 3 | 35/उ0म0प्र0/वरि0 प्र0–(वि0/यां0)–1/2023–24/ई0नि0 | वाहनों/मशीनों में ट्रैकिंग यन्त्र लगाये जाने का कार्य। | 14.15 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 18.03.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 19.03.2024 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

कार्यालय
सैक्टर–39

हस्ता/–
उप महाप्रबन्धक
(वि0/यां0) नोएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नोएडा


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## Lost/Found

I, Danish Ahmed son of Siraz Ahmed R/o. House No. 1-1000, Jahangir Puri, Delhi-110033, declare an oath that my qualifying certificate issued by the CBSE of having passed the Secondary School Certificate (X) in the year, 2010-11 and Senior Secondary Certificate Examination (XII) in the year, 2012-13, from Regular School or Privately, has been actually lost/destroyed / mutilated and that it is my true statement.My Roll No. was: 8673700 for Secondary School (X) and my R0ll No. was 9663062 for Senior Secondary Certificate Examination 2012-13.Dated: 24.02.2024.

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# बनाते रहिए गठबंधन सत्ता में तो...

## शाह ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में आप और कांग्रेस गठबंधन के गठबंधन की आलोचना की





टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में आप और कांग्रेस गठबंधन के गठबंधन की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि 400 से अधिक सीटों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में वापसी करेंगे। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहे। उन्होंने दिल्ली के 41 शहरीकृत गांवों में गैस पाइप की सप्लाई के साथ अन्य विकास कार्यों की शुभारंभ किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'राजनीति में दो प्रकार के लोग होते हैं। एक वो जो कुछ भी कहते हैं, उसे पूरा करते हैं और दूसरे वो जो इसके विपरीत हैं। दिल्ली में दोनों तरह के लोग मौजूद हैं। एक पीएम नरेंद्र मोदी और दूसरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। अरविंद केजरीवाल ने जो कुछ भी कहा, उसे नहीं पूरा किया।' उन्होंने लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका गठबंधन सफल नहीं होगा। शाह ने जोर देकर कहा कि 'आप (अरविंद केजरीवाल) कांग्रेस की गोद में बैठे हुए हो, वही सरकार जिस पर आपने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

आम आदमी पार्टी कांग्रेस के भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रही है। आप गठबंधन बनाते रहे, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी चार सौ से अधिक सीटों के साथ सत्ता में वापस आएंगे।'

### सीएए लागू होने के बाद दिल्ली में बढ़ाई गई सुरक्षा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना सोमवार को जारी हो गई है। नागरिकता संशोधन अधिनियम की घोषणा के बाद पूर्वी दिल्ली के यमुनापार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलों के द्वारा इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। खास बात है कि वर्ष 2020 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर उत्तर पूर्वी जिले में दंगे भड़के थे।

---

## समयपुर बादली में चाकू से गोदकर युवक की हत्या



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली में चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला समयपुर बादली थाना क्षेत्र का है। यहां चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, घटना कल देर रात की है। जहां दो नाबालिग ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। युवक पर हमले के बाद आसपास के लोगों ने उसे घायल अवस्था में रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में समयपुर बादली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हत्या की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है।

---

# दिल्ली की दो प्रमुख सड़कों के अपग्रेडेशन को दी मंजूरी

### सुदृढ़ीकरण

8 पश्चिमी दिल्ली में पीवीसी मार्केट रोड से रोहतक रोड के बीच की सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सड़कों को यात्रियों के लिए सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने दो प्रमुख सड़कों के अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी है। इसके तहत रिंग रोड के निगम बोध घाट से चंदगी राम अखाड़ा लालबत्ती तक तथा पश्चिमी दिल्ली में पीवीसी मार्केट रोड से रोहतक रोड के बीच की सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

**रोजाना लाखों यात्री करते हैं इस्तेमाल:** ये भाग रिंग रोड का महत्वपूर्ण भाग है और रोजाना लाखों यात्री इनका उपयोग करते हैं। निगम बोध घाट से चंदगी राम अखाड़ा लाल बत्ती के साथ साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पश्चिमी दिल्ली में पीवीसी मार्केट रोड से रोहतक रोड के बीच की सड़क के भी सुदृढ़ीकरण परियोजना को मंजूरी दी।

### दिल्ली में ट्रैफिक की लाइफ-लाइन है रिंग रोड

रिंग रोड दिल्ली में यातायात की लाइफ-लाइन की तरह है, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और लाखों निवासियों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाती है। उन्होंने कहा कि इसके तहत रिंग रोड के प्रमुख रोड स्ट्रेच पर निगम बोध घाट से चंदगीराम अखाड़ा तक की सड़क का अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। बता दें कि इन सड़कों का मूल रूप से निर्माण और अपग्रेडेशन बहुत पहले किया गया था, जिसके कारण ये धीरे-धीरे खराब होने लगीं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने विशेषज्ञों की सहायता से सड़कों का निरीक्षण किया है और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जल्द से जल्द इसके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए हैं। आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सुदृढ़ीकरण के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन हो और आवाजाही करने वालों को समस्या का सामना न करना पड़े।

---

# पहली इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट का उद्घाटन आज

### साइट

8 एमसीडी की आप सरकार ने देश की पहली इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट बनाई

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** एमसीडी की आप सरकार ने देश की पहली इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट बनाई। तेहखंड स्थित लैंडफिल साइट का उद्घाटन मंगलवार को किया जाएगा। इसके बनने से ओखला लैंडफिल साइट के आसपास कूड़ा नहीं दिखेगा। साथ ही लोगों को दुर्गंध से निजात मिलेगी। तेहखंड में इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट का फुट प्रिंट एरिया 15 एकड़ से अधिक है। इसकी क्षमता 9.65 लाख मीट्रिक टन की है। इसके अलावा 100 केएलडी का लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। करीब आधे एकड़ में लीचेट प्लांट तैयार हुआ है, वहीं 7.42 एकड़ क्षेत्र में फॉरेस्ट क्षेत्र रखा गया है। इसके निर्माण में 42.31 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट पर कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से होगा। इसके तहत सात मीटर गड्ढा खोदकर मिट्टी की परत डाली गई है। उसके बाद तीन परत लाइनर की डाली गई है। उसके बाद पाइपलाइन डालकर फिर से एक परत लाइनर और एक परत मिट्टी डालकर साइट इस्तेमाल के लिए तैयार की गई है।

---

# 40 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था युवक, मामला दर्ज



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** केशोपुर मंडी स्थित दिल्ली जलबोर्ड के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मौत मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। दमकल कर्मियों ने युवक को निकालना शुरू किया। जब सफलता नहीं मिली तो एनडीआरएफ को बुलाया गया। जलबोर्ड के सिवरेज ट्रीटमेंट के बोरवेल में गिरकर युवक की हुई मौत मामले में पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में थाना विकासपुरी में धारा 304ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है। मृत व्यक्ति की पहचान की कोशिश की जा रही है। केशोपुर मंडी में शनिवार देर रात एक युवक 40 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग और कैट्स एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने युवक को निकालना शुरू किया। जब सफलता नहीं मिली तो एनडीआरएफ को बुलाया गया। एनडीआरएफ ने बोरवेल में रस्सी डालने के साथ-साथ गहरा गड्ढा खोदा। करीब 14 घंटे की मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे अचेतावस्था में युवक को निकाला गया, लेकिन अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। विकासपुरी थाना पुलिस का कहना है कि करीब 25 से 30 साल के युवक की पहचान नहीं हो पाई है। आशंका है कि वह चोरी करने घुसा था, लेकिन अंधेरा या गलती से बोरवेल में गिर गया। पुलिस ने युवक की पहचान के लिए पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी सूचना दी है। पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्लांट के केयर टेकर ने शनिवार रात बोरवेल में बच्चे के गिरने की सूचना दी थी। इसके बाद बचाव का काम शुरू किया गया। दमकलकर्मियों ने बोरवेल में रस्सी के सहारे कैमरा डाला तो युवक के फंसे होने की जानकारी मिली, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी उसे नहीं निकाला जा सका। इसके बाद रविवार सुबह एनडीआरएफ को बुलाया गया। टीम ने रस्सी के सहारे कैमरा डाला तो पता चला कि युवक 40 फीट नीचे फंसा है। टीम ने तुरंत ऑक्सीजन मास्क डाला। युवक को निकालने में दिक्कत आने पर बोरवेल के बगल में गड्ढा करने का फैसला किया गया।

---

# आप विधायक अमानतुल्ला खान को बड़ा झटका

### खारिज

8 अदालत ने आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट से आप विधायक अमानतुल्ला खान को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले उनकी पिछली जमानत याचिका ट्रायल कोर्ट ने खारिज कर दी थी। बता दें कि वक्फ बोर्ड में मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए कथित गड़बड़ी को लेकर अमानतुल्ला के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज किया है। इसी मामले में ईडी ने उन्हें जांच के लिए बुलाया था।

आरोप लगाया गया है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

---

# बोरवेल के रखरखाव के लिए दिशानिर्देश होंगे जारी

## केशोपुर मौत मामले के बाद दिल्ली जल बोर्ड का फैसला



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली जल बोर्ड बोरवेलों के प्रबंधन पर दिशानिर्देश जारी करेगा। इससे खुले में पड़े रहने वाले बोरवेल में हादसों को रोकने में मदद मिलेगी। हाल ही में केशोपुर मंडी में एक व्यक्ति की बोरवेल में गिरने से मौत जैसी घटनाओं से बचने के लिए उन्हें बेहतर तरीके से सील करना भी शामिल है। जिस बोरवेल में व्यक्ति की गिरकर मौत हुई थी, उसे सुरक्षित और बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से बचने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की टीमें द्वारा सभी बोरवेलों का निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को लगभग 12 घंटे के लंबे ऑपरेशन के बाद केशोपुर मंडी में डीजेबी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के 40 फुट गहरे बोरवेल से व्यक्ति का शव बाहर निकाला गया। दिल्ली जल बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बोरवेल अच्छी तरह से सुरक्षित था और उस पर ताला भी लगा हुआ था। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए अन्य सभी बोरवेलों का निरीक्षण किया जा रहा है। बोरवेल का प्रबंधन करने वालों को भी कुछ दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। उनमें से कुछ दिशानिर्देश लागू हैं, लेकिन अब इन बोरवेलों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और सील करने के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। पुलिस ने उस व्यक्ति की मौत के संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

---

# 4 साल बाद जेएनयू में हो रहे चुनाव



### सूची

8 कल गलतियां सुधारी जाएंगी। बता दें कि छात्र सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अपना नाम देख सकते हैं

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आज मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाएगी। 12 मार्च को इसमें गलतियां सुधारी जाएंगी। बता दें कि छात्र सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अपना नाम देख सकते हैं। 14 मार्च को नामांकन पत्र जारी किए जाएंगे। 15 मार्च को सुबह 9.30 बजे से शाम पांच बजे तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वहीं, 16 मार्च को नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। 16 मार्च को ही सुबह 10 से एक बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इसी दिन दोपहर तीन बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

---

# भाजपा सांसदों ने किया पीएम मोदी का जोरदार स्वागत, बांसुरी स्वराज भी पहुंचीं





टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली हरियाणा को जोड़ने वाले द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया है। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के सभी सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली से भाजपा के घोषित उम्मीदवार भी पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम पहुंचने पर लोगों का अभिवादन किया। दिल्ली से भाजपा के मौजूदा सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार गुरुग्राम पहुंचे और पीएम मोदी का स्वागत किया। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुरुग्राम में एक रोड शो में शामिल हुए। यहां उन्होंने करीब एक लाख करोड़ की 112 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट की योजनाओं का लोकार्पण किया। जिसकी वजह से दिल्ली और गुरुग्राम के एनएच-48 पर यातायात में सुधार आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर दिया है।

---

# ....तो संसदीय लोकतंत्र का अंत और...: पी चिदंबरम



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को भाजपा और आरएसएस पर कटाक्ष किया। दरअसल, उन्होंने दावा किया कि यदि भाजपा-आरएसएस के एजेंडे के अनुसार संविधान में संशोधन किया गया, तो वह संसदीय लोकतंत्र, संघवाद, अल्पसंख्यकों के अधिकारों का अंत होगा और दो आधिकारिक भाषाओं में से एक अंग्रेजी का अंत हो जाएगा। इसके पहले भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए चिदंबरम की यह टिप्पणी की है। दरअसल, छह बार के लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री, हेगड़े अपने कट्टर विचारों के लिए जाने जाते हैं और उनकी टिप्पणियों ने पहले भी विवादों को जन्म दिया है।

**भाजपा पर जमकर बोला हमला:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, चिदंबरम ने कहा, "संविधान में संशोधन करने की भाजपा की मंशा कभी गुप्त नहीं थी। दर्जनों भाजपा नेताओं ने निजी बातचीत में कहा है कि भारत को एक हिंदू राष्ट्र होना चाहिए, हिंदी भारत की एकमात्र आधिकारिक भाषा होनी चाहिए और केंद्र सरकार को मजबूत होना चाहिए तथा राज्य सरकारों पर दबाव बनाना चाहिए।"

**'यह उनकी पुरानी चाल है':** पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, "कभी-कभी, हेगड़े जैसे सदस्य बातें उगल देते हैं और तुरंत अपनी बात से इनकार कर देते हैं। यह एक पुरानी चाल है।" चिदंबरम ने कहा, "उद्देश्य पूरा हो गया है और आरएसएस/भाजपा कार्यकर्ता इस बात से उत्साहित हैं कि भाजपा संविधान में संशोधन के विचार को आगे बढ़ा रही है।"

---

# मानहानि मामला: क्या केजरीवाल सार्वजनिक माफी मांग सकते हैं?

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आपराधिक मानहानि मामले में माफीनामा देने को कहा है। सीएम केजरीवाल ने पिछली बार सुनवाई में यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो को शेयर करने की गलती स्वीकार की थी। कोर्ट ने शिकायतकर्ता से पूछा क्या आप उन्हें माफी देना चाहते हैं। आप इस बारे में हमें बताएं। मामले में अगली सुनवाई 13 मई को होगी। अरविंद केजरीवाल ने ध्रुव राठी के एक वीडियो को शेयर किया था, जिसमें भाजपा आईटी सेल पर कई आरोप लगाए थे। इसी मामले में उनके खिलाफ शिकायत की गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन पर मानहानि का मुकदमा बरकरार रखने का आदेश दिया था, जिसे अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में 26 फरवरी को सुनवाई के दौरान अरविंद केजरीवाल ने वीडियो को शेयर करने की गलती स्वीकार की थी। सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल से पूछा कि वह शिकायतकर्ता को माफीनामा देना चाहते हैं। सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को शिकायतकर्ता विकास सांकृत्यायन के वकील ने बताया कि केजरीवाल माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' या इंस्टाग्राम जैसे सार्वजनिक प्लेटफार्मों पर माफी जारी कर सकते हैं। पीठ ने वकील से कहा, "आप हमें बताएं कि आप क्या चाहते हैं। हम इसे दूसरी तरफ रख सकते हैं। हम आपकी या दूसरे पक्ष की जगह नहीं लेंगे।" पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता केजरीवाल की माफी का प्रारूप दे सकता है। पीठ ने अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी कहा कि इसलिए यदि आप माफी मांगना चाहते हैं तो आप इसे अपने अधिकारों और तर्कों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रसारित कर सकते हैं।

---

# इनकम टैक्स की चोरी पड़ी भारी, सुनाई सजा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली की एक कोर्ट ने दो करोड़ रुपये की आय पर आईटीआर दाखिल नहीं करने पर एक महिला को छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आय पर रिटर्न दाखिल न करने पर दोषी ठहराया और छह महीने जेल की सजा सुनाई है। महिला के खिलाफ आयकर विभाग की ओर से एक शिकायत दर्ज की थी। जिसमें आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान आरोपी महिला को दो करोड़ रुपये दिए गए। हालांकि, निर्धारण वर्ष 2014-15 के लिए आय का कोई रिटर्न दाखिल नहीं किया गया।

---

# काला जठेड़ी वेड्स अनुराधा: 12 मार्च को लेंगे फेरे, पांच शूटर दबोचे गए



### सफलता

8 पांच शूटर राहुल उर्फ बाबा, परवीन उर्फ दादा, रोहताश, मोहन और सचिन को गिरफ्तार कर लिया

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में 12 मार्च को देश की चर्चित शादी यानि दो गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा की शादी हो रही है। इस शादी में शामिल होने और डॉन को सुरक्षा देने के लिए गिरोह के शूटरों का दिल्ली पहुंचना शुरू हो गया है। इन क्रियाकलापों पर नजर रख रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरोह के पांच शूटर राहुल उर्फ बाबा, परवीन उर्फ दादा, रोहताश, मोहन और सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। ये विरोधी हिमांशु भाऊ गिरोह के सदस्यों की हत्या करने की साजिश रच रहे थे। सेल में तैनात इंस्पेक्टर संदीप डबास को सात मार्च को सूचना मिली थी कि काला जठेड़ी-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कुछ सदस्य डीडीए पार्क, सेक्टर 16, द्वारका के पास आएंगे और उनके पास अवैध हथियार भी होंगे। एसीपी संजय दत्त की देखरेख में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच आरोपी राहुल उर्फ बाबा, परवीन उर्फ दादा, रोहताश, मोहन और सचिन को गिरफ्तार कर लिया। राहुल उर्फ बाबा के कब्जे से चीन में बनी पीएक्स 30 पिस्तौल, परवीन उर्फ दादा के कब्जे से एक पी-बेरेटा पिस्तौल, रोहताश के पास से .32 बोर पिस्तौल, मोहन व सचिन के पास से एक देसी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ करने पर मूल रूप से राहु पाना, चौपाल के पास, गांव खिड़वाली, रोहतक, हरियाणा रहने वाले व हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक, रोहतक, हरियाणा में रह रहे राहुल उर्फ बाबा ने खुलासा किया कि वह काला जठेड़ी व अनिल छिप्पी समूह के साथ साझेदारी में शराब की दुकानें चला रहा था। उसका बसंतपुर गांव, रोहतक, हरियाणा निवासी अजय नाम के व्यक्ति के साथ कुछ वित्तीय विवाद था। अजय को गांव भैंसवाल, सोनीपत, हरियाणा निवासी अमन ने सहयोग दे रखा था। अमन भगोड़े गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ से जुड़ा है। पिछले साल राहुल उर्फ बाबा ने अजय के घर के बाहर फायरिंग की थी और इस मामले में उसे हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**सुनारिया जेल में किया गया हमला:** सुनारिया, रोहतक जेल में बंद राहुल पर अमन के साथियों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने राहुल को जेल में काफी चाकू मारे थे। जेल से छूटने के बाद राहुल उर्फ बाबा ने अमन की हत्या की साजिश रची। उसने रोहताश, मोहन और सचिन को अपने गिरोह में शामिल कर लिया। परवीन उर्फ दादा का राहुल उर्फ बाबा से गहरा नाता है। उन्हें जेल में बंद गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनिल उर्फ चिप्पी की ओर से पिस्तौलें मुहैया कराई गईं।

गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी, अनिल उर्फ चिप्पी और नरेश उर्फ सेठी की भूमिका की जांच की जा रही है। स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मैं छोटा नहीं सोच सकता हूं.. मुझे जो भी चाहिए विराट चाहिए'

**विकास कार्य...**

8 विकास की रफ्तार से कोई समझौता नहीं:
8 मैं छोटा नहीं सोच सकता हूं.. मुझे जो भी चाहिए विराट चाहिए'





**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्रामः** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा से देशवासियों को विकास की नई सौगात दी है। उन्होंने 16 राज्यों की कुल 114 सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 1 लाख करोड़ से अधिक की लागत की 114 परियोजनाओं को देश को जनता को समर्पित किया। पीएम मोदी ने गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को भी राष्ट्र के लिए समर्पित किया है। इसके अलावा 43 किलोमीटर लंबा शामली-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग और भिवानी-हांसी रोड के विस्तारीकरण की आधारशिला भी रखी। द्वारका एक्सप्रेसवे पर यातायात शुरू होने से एनएच-48 पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इससे लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

मैं छोटा नहीं सोच सकता हूं। मुझे जो भी चाहिए विराट चाहिए। 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। इसी रफ्तार को बढाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का काम किया। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे सहित कई बड़े प्रोजेक्ट हमारी सरकार ने पूरे किए हैं। दिल्ली एनसीआर में दस साल में 230 नई मेट्रो लाइन शुरू हुई है। जेवर एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है। इन प्रोजेक्ट से यातायात आसान होगा , एनसीआर में प्रदूषण कम होगा।

देश में हो रहे लाखों करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों से सबसे ज्यादा दिक्कत सिर्फ कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को है। उनकी नींद हराम हो गई है। इसलिए वो लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों करोड़ रुपये के काम कर रहा है। 10 वर्षों में देश इतना बदल गया, लेकिन कांग्रेस और उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। इनके चश्में का नंबर आज भी वही है। देश में तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम, भारत को उतनी ही तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत भी बनाएगा। आज जहां द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है, एक समय था, जब शाम ढलने के बाद लोग इधर आने से बचते थे। टैक्सी ड्राइवर भी मना कर देते थे कि इधर नहीं आना है। इस पूरे इलाके को असुरक्षित समझा जाता था, लेकिन आज कई बड़ी कंपनियां यहां आकर अपने प्रोजेक्ट लगा रही हैं। ये इलाका ठउफ के सबसे तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में शामिल हो रहा है।

2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर, छोटा सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटते रहते थे। वहीं भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास व लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं।

**'इतने कम समय में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण':** पीएम मोदी ने कहा कि 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो चुका है। ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं। इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है।पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां देशभर के लिए 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की 100 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास हो रहा है...सभी राज्यों के करोड़ों नागरिकों को इतनी सारी विकास परियोजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

## 'आत्मनिर्भर भारत के लायक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है सरकार'



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार उसी के लायक इन्फ्रास्ट्रक्चर बना रही है। द्वारका एक्सप्रेस-वे उसी का एक नमूना है। इसमें अंडरपास हैं, आरओ हैं, टनल हैं। इसका अलग तरीके का ही डिजाइन है। इस प्रोजेक्ट में 20 प्रतिशत की बचत हुई है। गडकरी ने कह कि पंजाब, हरियाणा, कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों को इस एक्सप्रेस-वे को फायदा पहुंचेगा। इससे लाखों लोगों को फायदा होगा। यह स्टेट ऑफ आर्ट प्रोजेक्ट है। ये प्रोजेक्ट बनाते समय काफी हाईटेक तकनीक का प्रयोग हुआ। इसमें कचरे का उपयोग किया गया। ये रोड बनाते समय 12 हजार पेड़ों को बचाने में भी सफलता मिली है। हमने उन्हें काटने के बजाय उन्हें दूसरी जगह ट्रांसप्लांट किया है। नितिन गडकरी ने कहा कि हिंदुस्तान का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा। अमेरिका ने इस पर आपत्ति की थी कि हिंदुस्तान का इन्फ्रास्ट्रक्चर अमेरिका से भी अच्छा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या को सुलझाने के लिए केंद्र सरकार लागातार काम कर रही है।

**दस साल के अंदर जो गुरुग्राम में चार चांद लगे हैं: इंद्रजीत सिंह**समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पिछले एक महीने के दौरान दूसरी बार आगमन होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री गुरुग्राम से परिचित हैं। यहां पर समय बिताया है। यह भी जानते हैं कि हरियाणा के राजस्व में सबसे अहम योगदान गुरुग्राम का है। सबसे ज्यादा सर्विसेज के हेडक्वार्टर हैं तो वह गुरुग्राम में हैं। पिछले दस सालों के अंदर जो गुरुग्राम में चार चांद लगे हैं वह अतुलनीय है। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पिछले दस साल में हरियाणा ने तरक्की की है।

### 5 राज्यों के लोगों को फायदा... 20 मिनट में पूरा होगा 1 घंटे का सफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार द्वारका एक्सप्रेस-वे विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। सिंगल पिलर पर आठ लेन का एक्सप्रेस-वे देश में कहीं नहीं है। सर्विस लेन भी आठ लेन की है। इसका निर्माण दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर से ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए किया जा रहा है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के गुरुग्राम भाग का शुभारंभ सोमवार यानी 11 मार्च हो गया। उम्मीद की जा रही है कि अगले तीन महीने के भीतर दिल्ली भाग का भी निर्माण पूरा हो जाएगा। इससे दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर से ट्रैफिक का दबाव 40 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।दबाव कम होने से प्रदूषण का स्तर काफी कम हो जाएगा। जानकारों का मानना है कि गुरुग्राम व आसपास के विकास में काफी तेजी आएगी, क्योंकि इस प्रोजेक्ट से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे ही नहीं, बल्कि कई सड़कों पर से ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा

## '10 की 10 सीट जीतकर मोदी की झोली में डालेगा हरियाणा'

**प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व में पहचान दिलाई, मुख्यमंत्री ने आबू धाबी में भगवान राम का मंदिर बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री को दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्रामः** यहां द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 130 करोड़ भारतीयों के दिल की धडकन बताते हुए उनका हरियाणा की धरती पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमने यातायात सुचारू करने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे बनाने की मांग की थी। उस समय इसकी अनुमानित लागत 200-300 करोड़ आंकी गई थी। इसे वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए इस पर 9000 करोड़ से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। यह स्टेट ऑफ द आर्ट प्रोजेक्ट है। यह एक्सप्रेस-वे उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पश्चिम भारत के लोगों को लाभ देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने बड़े अभियान की शुरूआत हरियाणा की धरती से की थी। वर्ष 2014 में वन रैंक वन पेंशन की शुरूआत यहां से की थी। पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। इसके अलावा विकास की दृष्टि से यहां अनेक उद्योग केंद्र सरकार की ओर से लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा भले ही छोटा राज्य हो, लेकिन देश की जीडीपी में यहां का 4 प्रतिशत योगदान है। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी से आपने देश को भरोसा दिया है। हरियाणा की जनता की ओर से भी भरोसा है कि हरियाणा 10 की 10 सीट जीतकर मोदी की झोली में डालेगा।

**सराहा**

8 प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व में पहचान दिलाई है: सीएम खट्टर

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष लगाव रहा है। मुख्यमंत्री ने मंच से मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में अब तक हुए कई कामों को गिनवाया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सांस्कृतिक विरासत को पूरे विश्व में पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि आबू धाबी में भगवान श्रीराम का भव्य बना है और इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है।

# सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा को दिया जा रहा बढ़ावा: कंवर पाल





**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगरः** स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल छछरौली में करीब दो करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से बने 12 कमरों और एक बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की बेहतरी के लिए हरियाणा सरकार द्वारा आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। राजकीय स्कूलों में अब स्मार्ट ब्लैक बोर्ड, स्मार्ट क्लास रूम, कम्पयूटर लैब, टैब और सॉफ्टवेयर भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए गए है। उन्होंने कहा कि इतना ही नही प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को रोबर्ट उपलब्ध करवाए जा रहे है ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा उपलब्ध हो सकें। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 50 स्कूलों को शामिल किया गया है। राजकीय स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थी भी अब प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बन रहे है। सुमन बहमनी ने स्कूल में पहुंचने पर स्कूल शिक्षा मंत्री का स्वागत किया।

## हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने के विरोध में थाना पहुंचे लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसारः हांसी में चार कुतुब गेट के समीप** 9 मार्च की रात को 3 लोगों पर हुए हमले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर तीनों घायल व कालोनी निवासी सोमवार को शहर थाना पहुंच गए। लोगों ने पुलिस कार्रवाई के रोष जताते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन उनके उपर हल्की धाराएं लगाई हैं। घायल चार कुतुब गेट निवासी ओमप्रकाश को हिसार नागरिक अस्पताल से रविवार शाम को ही डिस्चार्ज किया गया। शहर थाना प्रभारी खेता राम ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से दो दिन का समय मांगा है।

# ये कैसी बोर्ड परीक्षा? पलवल में बेखौफ नकल जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में नकल रूकने का नाम नहीं ले रही है। शिक्षा बोर्ड की तरफ से नकल रोकने के लिए किए गए प्रबंधों के बीच नकल के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सोमवार को 12वीं कक्षा के भौतिक और अर्थशास्त्र के पेपर में 13 विद्यार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। सभी विद्यार्थियों की यूएमसी बनाई गई है। परीक्षाओं में 5823 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। शिक्षा बोर्ड की ओर से बनाए गए परीक्षा केंद्रों सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेकानंद स्कूल, डीजी खान स्कूल, दयानंद स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने के अनेकों खोखले दावे साबित हो रहे हैं। इन परीक्षा केंद्रों के अंदर न ही नकल रुकी और न ही केंद्रों के बाहर खड़े नकल फेंकने वाले हरकतों से बाज आए। परीक्षा केंद्रों के बाहर लगी लोगों की भीड़ को भगाने का पुलिस प्रयास करती रही, लेकिन लोग मान नहीं रहे थे। परीक्षा केंद्रों के अंदर ड्यूटी पर तैनात सुपरवाइजर भी परेशान दिखाई दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस न होने के कारण नकल कराने वाले सतर्क रहे। हालांकि जो भी पुलिस कर्मी ड्यूटी पर थे, वे दौड़-दौड़ कर बाहरी तत्वों को भगाने में लगे हुए थे, लेकिन बाहरी तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। परीक्षा केंद्र से बाहर आए छात्र मनजीत, राहुल, केशव, तमन्ना और संतोष ने बताया कि पेपर कठिन था, लेकिन उसके बाद भी उन्होंने पेपर किया है तथा उम्मीद है कि उनके अच्छे अंक आएंगे।

**13 परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ाः** शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्तों के अलावा जिले में गठित उड़नदस्ता टीमों ने नकल रोकने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान 13 विद्यार्थियों को नकल करते पकड़ा। इनमें होडल में सबसे ज्यादा 10, हथीन में एक तथा दो पलवल यूएमसी बनाए गए। विद्यार्थी नकल रहित परीक्षा संचालित करवाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग दें।

# फरीदाबादः 20 कालोनियों को वैध करने के लिए भेजा प्रस्ताव



**मिलेगी राहत**

8 राजस्व संपदा में बसी 30 कॉलोनियों को नियमित किया था। ताकि, लोगों को वहां पर मूलभूत सुविधाएं मिल सकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** जिले में शहरी क्षेत्र से बाहर बसी हुई कॉलोनियों को भी सरकार वैध करने की तैयारी कर रही है। सरकार ने हाल में ही राजस्व संपदा में बसी 30 कॉलोनियों को नियमित किया था। ताकि, लोगों को वहां पर मूलभूत सुविधाएं मिल सके। अब जिला नगर योजनाकार की ओर से सरकार को 20 नई कॉलोनियों का प्रस्ताव भेजा गया है। यह कॉलोनी गांव की राजस्व संपदा में बसी हुई है। उम्मीद जताई जा रही है सरकार की ओर से 20 कॉलोनियों को जल्द ही वैध कर दिया जाएगा। इससे पहले सरकार नगर निगम की जमीन पर बसी 104 कॉलोनियों को नियमित कर चुकी है। गांव की कृषि जमीन पर बसने वाली कॉलोनियों में लोगों को प्लाट तो सस्ते मिल जाते हैं, लेकिन जगह अप्रूव नहीं होने की वजह से तोडफोड़ का डर सताता रहता है। ऐसी कॉलोनियों में जिला नगर योजनाकार की ओर से आए दिन तोडफोड़ कर दी जाती है। इससे लोगों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं ऐसी कॉलोनियों में प्रदेश सरकार की ओर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई जाती। इन कॉलोनियों में सीवर और पानी की लाइन नहीं डाली जाती। जिला नगर योजनाकार की ओर से जिन कॉलोनियों को वैध करने का प्रस्ताव भेजा गया है उसमें 25 से 30 प्रतिशत की आबादी बसी हुई हैं। इन कॉलोनियों को वैध करने के बाद सरकार की इन कॉलोनियों में विकास कार्य शुरू करवाएं जाएंगे। इन कॉलोनियों को लेकर जिला नगर योजनाकार की ओर से सरकार को यह भी जानकारी भेजी गई है कि किन किन चीजों की कमी है। क्योंकि सरकार चाहती है कि कॉलोनियों को वैध करने के बाद इन कॉलोनियों में सीवर, पानी, बिजली का प्रबंध हो इसके अलावा सामुदायिक भवन, पार्क आदि की भी व्यवस्था की जाए। उम्मीद है कि लोकसभा चुनावों के बाद इन कालोनियों में विकास कार्य शुरू हो सकता है। जिला नगर योजनाकार राजेंद्र शर्मा का कहना है कि सरकार गांवों की राजस्व संपदा में बनी 20 नई कॉलोनियों की सूची भेजी गई है।

# सरकार आमजन के आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्यरतः दीपक

**शिलान्यास**

8 किसी भी विकास कार्य को पूर्ण करवाने में धनराशि की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवलः** विधायक दीपक मंगला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। केएमपी, केजीपी, मुंबई-बडौदरा एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग-19, रेल कॉरिडोर आदि इसी के उदाहरण हैं। विधायक दीपक मंगला सोमवार को पलवल शहर के वार्ड नंबर-25 में सडक मार्गों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों के आवागमन में समय की बचत हो और उन्हें जाम की समस्या से निजात मिले, इसके लिए सरकार ने राष्टीय राजमार्गों पर ऐलिवेटिड पुल, व्हीकल अंडरपास, पुल और रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करवाए। इनके निर्माण से आज लोग घंटों के सफर को चंद मिनटों में तय कर रहे हैं। विधायक दीपक मंगला ने सोमवार को एक करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो सडक क्रमशः सोहना मोड़ से लेकर हथीन चौकी तक तथा कमेटी चौक से लेकर सेक्टर-2 चौक तक के मार्गों और करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सेक्टर-2 के विभिन्न चार सडक मार्गों के विधिवत शिलान्यास किए। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि इन सडक मार्गों के बनने से यहां के स्थानीय लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से लोगों का आवागमन सुगम होगा। किसी भी विकास कार्य को पूर्ण करवाने में धनराशि की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर वार्ड नंबर-31 के पार्षद हरिकिशन तेवतिया, वार्ड नंबर-25 की पार्षद रेखा, ब्लॉक पंचायत समिति पलवल के चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा, मुकेश सिंगला, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन मनोज बंधु, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, मेघश्याम शर्मा, पार्षद रिंकू, भक्ति, अनिल गोसांई, रामी बैंसला, यशपाल, नगर परिषद के कनिष्ठद्द अभियंता सोनपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किसानों को रिहा करने व खराब फसल के लिए मांगा मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथलः** संयुक्त किसान मोर्चा ने बैठक कर किसान आंदोलन में गिरफ्तार किए गए किसानों को जल्द रिहा करने की मांग की है। सोमवार को पूड़री के किसान भवन में हुई संयुक्त मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता भूराराम पबनावा ने की। बैठक में भूराराम पबनावा ने किसान आंदोलन में गिरफ्तार किसानों को रिहा करने और बैठकर समस्या का समाधान करने की मांग की।बैठक में कहा गया कि अगर जल्द मसले का हल नहीं किया गया, तो किसान बड़ा फैसला लेकर दिल्ली कूच करेंगे। किसान नेताओं का कहना था कि हरियाणा की सभी मंडियों में गेहूं बिकनी चाहिए और किसानों को बारदाना मिलना चाहिए।

## फरीदाबाद पोषण अभियान में प्रथम व लिंगानुपात में रहा दूसरे स्थान पर

**बधाई**

8 डीसी विक्रम सिंह ने पीओआईसीडीएस डाक्टर मंजु श्योरान और जिला कोर्डिनेटर गीता सम्भ्रवाल को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** डीसी विक्रम सिंह ने सोमवार को प्रदेश में फरीदाबाद वर्ष 2023-24 में पोषण अभियान में प्रथम और लिंगानुपात में दूसरे स्थान पर आने पर पीओआईसीडीएस डाक्टर मंजु श्योरान और जिला कोर्डिनेटर गीता सम्भ्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश में पोषण अभियान में डेढ़ लाख रुपये की धनराशि व लिंगानुपात में एक लाख रुपये की धनराशि और प्रशंसा पत्र ईनाम स्वरूप प्रदान किए गए हैं। वहीं राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय और महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढाण्डा द्वारा सम्मानित किया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद वर्ष 2023-24 में पोषण अभियान योजना के अंतर्गत में बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार लाने में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत जिला के लिंगानुपात के सुधार में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय और राज्य मंत्री कमलेश ढाण्डा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू श्योराण व उनकी टीम को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

# अग्निपथ योजना द्वारा शहीद के बलिदान में भी भेदभाव कर रही है सरकारः दीपेन्द्र



**विरोध**

8 यदि अग्निवीर सैनिक का बलिदान हो जाता है तो अग्निवीर शहीद को सरकार शहीद का दर्जा भी नहीं दे रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः** कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर देश की फौज को कमजोर, युवाओं का भविष्य खराब करने का काम किया है। सरकार अग्निपथ योजना लाकर शहीद के बलिदान में भी भेदभाव कर रही है। यदि अग्निवीर सैनिक का बलिदान हो जाता है तो अग्निवीर शहीद को सरकार शहीद का दर्जा भी नहीं दे रही है। शहादत होने पर उनके परिवार को पेंशन या सैन्य सेवा से जुड़ी कोई और सुविधा भी नहीं मिल रही है। वे सोमवार को गांव बोहर में शहीद सतपाल सिंह गिरोह की समाधि स्थल व प्रतिमा का अनावरण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि ड्यूटी के दौरान अग्निवीर सैनिक को ग्रेच्युटी व अन्य सैन्य सुविधाएं और पूर्व सैनिक का दर्जा व पूर्व सैनिक को मिलने वाली सुविधाएं मिलने का भी कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर अग्निपथ योजना समाप्त कर भर्ती अग्निवीरों को रेगुलर सैनिक के तौर पर बदल देंगे और फौज में पहले की तरह रेगुलर भर्ती शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि पक्की सरकारी नौकरियों को कौशल निगम या अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिये कच्चा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना आने से पहले सेना में करीब डेढ़ लाख युवा चयनित हुए थे, लेकिन उनको आज तक ज्वाइनिंग नहीं दी गई और वे दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। पेंशन की घोषणा की, लेकिन सरकार बनने के बाद नो रैंक नो पेंशन वाली अग्निपथ योजना ले आये। सरकार के इस फैसले के दुष्परिणाम एक एक करके सामने आ रहे हैं। अग्निपथ स्कीम के जरिए बीजेपी सरकार ने देश की सेना को दो हिस्सों में बांटने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि एक अग्निवीर सैनिक व एक नियमित सैनिक की शहादत होने पर शहीद के परिवार को मिलने वाली अनुग्रह राशि में भारी अंतर है।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चुराने वाला काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम ने मोटरसाइकिल चोर आरोपी गौरव पुत्र दिलबाग वासी गांव गढ़ी गुजरान थाना इंद्री को काबू कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से उसकी निशानदेही पर दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी गौरव ने 28 जून 2023 को शिकायतकर्ता देवेंद्र वासी शामली की मोटरसाइकिल कल्पना चावला हॉस्पिटल के बाहर से चोरी की और 25 जनवरी 2024 को शिकायतकर्ता गुलशन वासी निसिंग की मोटरसाइकिल सीएचसी निसिंग से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में साल 2023 में और थाना निसिंग में साल 2024 में मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि पैसों और नशापूर्ति के लालच में वारदातें करता है। इसके खिलाफ पहले भी चोरी के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आरोपी गौरव जेल में भी जा चुका है। आरोपी गौरव को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्कूल बस चालकों को यातायात नियम बारे किया जागरूक

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस महानिरीक्षक ट्रैफिक और हाईवे के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देश में यातायात नियम जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर जाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जाता रहा है।
डीएसपी ट्रैफिक ओमप्रकाश के निर्देशन और प्रबंधक थाना यातायात सुरेश कुमार के नेतृत्व और एसआई सतपाल सिंह की अध्यक्षता में टीम ने आज इस अभियान में शहर के आरएस पब्लिक स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल और मोंटफोर्ट वर्ल्ड स्कूल और अन्य स्कूलों में जाकर स्कूल बसों में आवश्यक उपकरणों को चेक किया और जिन स्कूल बसों में यातायात नियमों के अधीन ये आवश्यक उपकरण नहीं पाए गए, उन स्कूल बसों के टीम द्वारा चालान भी किए गए।
थाना यातायात की टीम द्वारा अभियान के दौरान स्कूल बसों को रुकवाकर भी चेक किया गया और सभी स्कूल प्रबंधकों, बस चालकों को यातायात नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल बसों में आने जाने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षा मुहैया करवाना है। यातायात नियमों की पालना के लिए जिले में ऐसे अभियान जिला पुलिस की थाना यातायात की टीम द्वारा निरंतर जारी रहेंगे और वाहन चालकों से दृढ़ता से यातायात नियमों की पालना करवाई जाएगी।

### छीना झपटी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर छीना झपटी करने वाले दो आरोपियों अनिल कुमार पुत्र पाला राम और सचिन पुत्र हरबीर सिंह वासियान रामगढ़ छानो इंद्री करनाल को कस्बा इंद्री से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 4 मार्च को शिकायतकर्ता कुलविंदर वासी घिससरपुरी से बस स्टैंड इंद्री के पास से छीना हुआ बैग, जिसमें एक मोबाइल, कपड़े और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 'प्रशासन आम चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए कृत संकल्प'

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा 2024 के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के तुरंत बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी विभागों के अधिकारी आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे।



उन्होंने चुनाव तैयारी समीक्षा के दौरान एआरओज को निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन आयोग की हैंड बुक को अवश्य पढ़ें ताकि चुनाव के समय उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करने पड़े। उन्होंने कहा कि एआरओज अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता की सुविधा के लिए सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों में रैंप तथा व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
उन्होंने यह भी कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील व अति संवेदनशील पोलिंग बूथों की पहचान करें और ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ राजनैतिक दलों के साथ मीटिंग करें और आदर्श आचार संहिता को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाने वाली हिदायतों के बारे में जानकारी दें। उत्तम सिंह ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान करने का प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस-दस ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए जहां पर पिछले लोकसभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। ऐसे बूथों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाए और लोगों को वोट के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के तहत प्रचार गाड़ी को सार्वजनिक स्थानों पर खड़ा किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और उन्हें ईवीएम के बारे में प्रशिक्षण दिया जा सके।

## विधायक पंवार ने जय गुरू दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण के लिए निगम कमीश्नर को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: विधायक** सुरेंद्र पंवार ने जय गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण के लिए नगर निगम कमीश्नर को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में नगर निगम क्षेत्र सोनीपत में एक चौक का नामकरण श्री गुरू दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाने की मांग की है।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज एक बहुत बड़े महान संत थे। जिन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। हमारा सौभाग्य रहेगा कि हम एक चौक का नामकरण जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाएंगे। गुरु दक्ष प्रजापति महाराज ने अपना समस्त जीवन समाज के लिए समर्पित किया। अब हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि उनके दिखाई मार्ग पर स्वंय भी व युवा पीढ़ी को भी चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को जल्द से जल्द गुरू जी के नाम से चौक का नामकरण करवाने की मांग की है। विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से चौक का नामकरण होने से युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरित होकर समाज का प्रत्येक जन जन भलाई के और अधिक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से शहर में कोई भी चौक नहीं है, जिसकी वजह से समाज की बड़ी मांग है कि गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से चौक का नामकरण करवाया जाए ताकि समाज के लोग चौक पर पहुंचकर गुरुजी को श्रद्धापूर्वक याद कर सके व उनके दिखाई मार्ग पर चलकर समाज भलाई में अपना योगदान दे सके।

## योग इंसान का एक ऐसा दोस्त, जो बीमारी से लड़ता रहता है: दिनेश गुलाटी



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का शानदार सत्र सैक्टर 12 फव्वारा पार्क से संचालित किया गया। सत्र की शुरूआत दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम से की। आसन सत्र में उन्होंने भू नमन, ताड़ आसन, कटिचक्र आसन, वीरभद्र आसन और वृक्ष आसन का अभ्यास करवाया, जो हमारे शरीर का संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। उसके बाद आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने साथ दिया।
प्राणायाम का अभ्यास के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि हमारे दिमाग को शांत रखने में मदद करता है। योग करने से अनेकानेक लाभ मिलते हैं। जहां जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, लेकिन योग शारीरिक रूप के साथ साथ मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ रखता है। दिन-प्रतिदिन लोगो में योग के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

## जे&के: प्रधानमंत्री मोदी ने पत्थर की बजाय रोजगार दिया : कैलाश विजयवर्गीय

**सोनीपत: भाजपा** के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा-370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर के युवाओं के हाथों में पत्थर की बजाए रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा किए गए वादों का विपक्ष ने मजाक उड़ाया, लेकिन मोदी सरकार ने हर वादे को निभाकर विपक्ष को जवाब दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकारों में पर्ची और खर्ची से ही नौकरियां मिलती थी। नायब सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद को खत्म कर योग्यता के आधार पर नौकरियों देने का काम किया है।

## 'नीतियों का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय को मिला'

### 'तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अल्पसंख्यक मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: भारतीय** जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि भाजपा की कल्याणकारी नीतियों का लाभ बिना जात-पात एवं धर्म भेद के अल्पसंख्यक समुदाय को भी मिला है, इसलिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अल्पसंख्यक मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी।
मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिब खान एवं प्रदेश सचिव शकील खान के नेतृत्व में मोर्चे की नवगठित टीम ने राजीव जैन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और विश्वास दिलवाया कि अल्पसंख्यक समाज को पार्टी के साथ मजबूती से जोड़ने का काम करेंगे। राजीव जैन ने कहा कि आयुष्मान प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन, करोना काल में वैक्सीन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना का लाभ सभी को मिला, जबकि पूर्व की सरकारों में वोट देने के हिसाब से योजनाओं का लाभ मिलता था।



जिलाध्यक्ष साहिब खान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसे पूरी कर्तव्य निष्ठा से निभाएंगे और हर विधान सभा क्षेत्र में मोर्चा के कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करेंगे जो अल्पसंख्यक वर्ग के घर-घर जाकर दस्तक देगी और भाजपा की जनकल्याण कारी नीतियों से अवगत कराएंगी ।

## डिफाल्टरों पर निगम करेगा कार्रवाई

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रॉपर्टी** टैक्स डिफाल्टरों को बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नगर निगम की ओर से दिया गया समय बीत जाने के बाद निगम के प्रवर्तन दल ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में सबसे पहले 5 बड़ी सम्पत्तियों की कुर्की की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बीते दिनों 100 बड़े डिफाल्टरों को नोटिस जारी किए गए थे और बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए एक माह का समय दिया गया था। एक माह बाद सभी बकायादारों के पास नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा स्वयं विजिट कर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए कहा गया और उन्हें एक सप्ताह का अंतिम समय भी दिया गया। इसके बाद भी उन्हें काफी समय मिल गया है, परंतु अभी तक किसी भी डिफाल्टर की ओर से सम्पत्ति कर जमा करवाने की रूचि नहीं दिखाई गई है। इसे देखते बकायादार की प्रॉपर्टी को अटैच करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है। चालू मास मार्च के प्रारम्भ में सरकार ने एक बार पुनः उदारता दिखाते हुए ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके बावजूद भी जो बकायादार अपना सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाएगा, उसके विरूद्ध आवश्यक रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा।

## नाटक 'जाति ही पूछो साधु की' ने किया वर्ण व्यवस्था पर प्रहार

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा** कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित होने वाली साप्ताहिक संध्या में जालंधर पंजाब के कलाकारों द्वारा नाटक जाति ही पूछो साधु की मंचित किया गया। विजय तेंदूलकर द्वारा लिखित तथा वसंत देव द्वारा अनुवादिन नाटक का निर्देशन डा. अजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। साप्ताहिक संध्या में मुख्यअतिथि के रुप में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डा.. एम.के. मौदगिल पहुंचे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक रोशा ने की। कार्यक्रम से पूर्व हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। मंच का संचालन हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के रंगमंच विभाग के विद्यार्थियों द्वारा अभिनीत नाटक की कहानी महीपत बबरुवाहन नामक एक आदमी के इर्द-गिर्द घूमती है।

## अमृतधारी सिख युवकों व युवतियों को किया सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। डेरा** कार सेवा में हुए धार्मिक समागम के दौरान 12 से 25 साल के अमृतधारी सिख युवकों व युवतियों को गुरु गोबिंद सिंह के लाडले पुत्र व लाडली धी के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन सभी परिवारों को गुरु गोबिंद सिंह के लाडले परिवार के अवार्ड से नवाजा गया। जिन परिवारों में माता पिता व बच्चों सहित सभी अमृत छक कर खालसा पंथ में शामिल हुए हैं। इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सिख कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़ि़या के जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित आयोजन में यह अवार्ड पद्मश्री जगजीत सिंह दर्दी, बाबा सुखा सिंह कार सेवा, बाबा मेहर सिंह नबियाबाद, इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु, शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा सहित अन्य प्रमुख सख्शियतों ने प्रदान किए। प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 की बैसाखी पर पंज प्यारों को अमृत छका कर खालसा पंथ की शुरूआत की थी व उसके बाद उन्होंने कहा था कि
श्रहत प्यारी मुझ को सिख प्यारा नाहीं, यानि अमृत छक कर रहत मयार्दा का पालन करने वाला सिख ही मुझे प्यारा है। इसलिए हमने उन सिख नौजवानों व परिवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है जो गुरु जी के बताये मार्ग पर चल रहे हैं।



## ...तो महापंचायत कर ठोस फैसला लेगा राजपूत समाज

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजपूत समाज मुखर होकर मैदान में आ चुका है। सोमवार को सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा करनाल की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। इसके बाद एक प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया। 1966 से लेकर 2019 तक मुख्यधारा के किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल ने हरियाणा में राजपूत समाज के व्यक्ति को लोकसभा व राज्यसभा का टिकट नहीं देकर घोर उपेक्षा की है।

## वार्ड नं 1 में करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर निखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नगर** निगम मेयर निखिल मदान ने सोमवार को वार्ड नं 1 का दौरा किया और नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने पुरखास अड्डे से सब्जी मंडी चौक तक आर एम सी से बन रहे 800 मीटर लम्बे जटवाड़ा रोड का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सब्जी मंडी चौक से जैन विद्या मंदिर स्कूल तक सड़क का हिस्सा बना दिया गया है। इसके साथ ही सुन्दर सांवरी क्षेत्र से लेकर गौशाला तक भी आर एम सी से सड़क बनाने का कार्य पूरा हो गया है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सड़क के बाकी बचे हिस्से को भी आगामी 20 -25 दिनों में बना दिया जायेगा।



मेयर निखिल मदान ने एजेंसी प्रतिनिधि को पूरा कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरा करने के आदेश दिए।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि इस सड़क पर नई सीवेरज लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। कुछ मेनहोल बनाने का कार्य बाकी है और कुछ गलियों की सीवरेज लाइन को नई लाइन से जोड़ा जाना है जिसे आगामी सप्ताह में पूरा कर लिया जायेगा। इस मार्ग पर लाल दरवाजा से लेकर जाहरी मोड तक नई सीवरेज लाइन भी बिछायी गयी है।
इस क्षेत्र में वर्षों पुरानी सीवरेज लाइन के जर्जर होने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि आर एम सी सड़क बनाने से पहले पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन को भी सड़क से नीचे गहरा दबाया गया है ताकि भविष्य में क्षेत्रवासियों को कोई समस्या ना आये। इसके अतिरिक्त इस सड़क पर 2000 एम एम चौड़ी बरसाती पानी की लाइन भी बिछाई गई है जिससे आगामी दिनों में इस क्षेत्र की जल भराव की समस्या भी दूर होगी । इन सभी कार्यों के चलते सड़क निर्माण में कुछ विलम्ब हुआ है लेकिन अब तीव्र गति से पूरी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर निगम के सहायक अभियंता सुरेश लोहान ,कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार ,काला नम्बरदार,रणधीर ,निशांत, प्रवीण,सत प्रकाश ,हरिंदर,मनमोहन गौतम,शकुंतला,संतोष,चंद्रो देवी,जोगिन्दर शर्मा,नरेंदर सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04066/04065 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सुपरफास्ट ए.सी. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:20 | – |
| 16:00 | – | पटना जं. | – | 17:45 |

चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (सोमवार एवं गुरुवार) एवं 04065 पटना जं. से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
संरचना: प्रथम वातानुकूलित, 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – बरौनी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 08:50 | दिल्ली जं. | 07:35 | – |
| 06:30 | – | बरौनी जं. | – | 08:00 |

चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं. से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) एवं 04061 बरौनी जं. से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (सोमवार)।
संरचना: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**04518/04517 चंडीगढ़ – गोरखपुर जं. – चंडीगढ़ आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04518 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04517 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:15 | चंडीगढ़ | 14:10 | – |
| 18:20 | – | गोरखपुर जं. | – | 22:05 |

चलने की तिथि : 04518 चंडीगढ़ से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (गुरुवार) एवं 04517 गोरखपुर जं. से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार)।
संरचना: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य।
ठहराव: अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**04060/04059 आनन्द विहार टर्मिनल – जयनगर – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04060 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04059 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 10:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:55 | – |
| 15:15 | – | जयनगर | – | 17:00 |

चलने की तिथि : 04060 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं 04059 जयनगर से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार)।
संरचना: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**01664/01663 आनन्द विहार टर्मिनल – सहरसा जं. – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01664 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01663 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 11:10 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:55 | – |
| 11:20 | – | सहरसा जं. | – | 09:30 |

चलने की तिथि : 01664 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) को एवं 01663 सहरसा जं. से दिनांक 27.03.2024 (बुधवार) को।
संरचना: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04010 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 23:45 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:05 | – |
| 05:20 | – | जोगबनी | – | 09:00 |

चलने की तिथि : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 26.03.2024 (मंगलवार) को एवं 04009 जोगबनी से दिनांक 28.03.2024 (गुरुवार) को।
संरचना: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद जं., मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशन।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04068 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04067 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:40 | – |
| 16:30 | – | दरभंगा जं. | – | 18:00 |

चलने की तिथि : 04068 दिल्ली जं. से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं 04067 दरभंगा जं. से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार) को।
संरचना: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं. एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – सीतामढ़ी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04004 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04003 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 00:10 | नई दिल्ली | 01:30 | – |
| 22:00 | – | सीतामढ़ी जं. | – | 23:30 |

चलने की तिथि : 04004 नई दिल्ली से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं 04003 सीतामढ़ी जं. से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को।
संरचना: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल एवं बैरगनिया स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## घातक होगा मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय

**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है? बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेल चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से षून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समापत कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिषत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिली और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिषत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को 14 सीटें मिली और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गईं और 24.67 प्रतिषत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई।

# मुक्त व्यापार संघ के समझौते से आत्मनिर्भर भारत का आगाज

**किशन सनमुखदास**

> इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। आगे कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगें। साथियों बात अगर हम टीईपीए की मुख्य विशेषताओं की करें तो, (1) ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक को 100 बिलियनडॉलर तक बढ़ाने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है

वैश्विक स्तरपर भारत अपनी व्यापारिक आर्थिक रक्षा स्वास्थ्य परिवहन शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में पूरी दुनिया और विशेष रूप से विकसित देशों के साथ अपने मुक्त व्यापार समझौते की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है क्योंकि इससे वस्तुओं सेवाओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी आम जनता को अच्छे व सस्ते उत्पाद सेवाएं सुविधा प्राप्त होगी। परंतु हम पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि दुनिया के किसान टीईपीए का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इससे उनके उत्पाद का मूल्य गिर रहा है परंतु सरकार का इस दिशा में आगे तेजी से बढ़ना शुरू है, इसी का परिणाम है कि करीब 16 वर्षों की बातचीत का सकारात्मक परिणाम दिनांक 10 मार्च 2024 को देर शाम आया,जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ समझौता हो गया याने आईएफटीए के चार विकसित देश स्विट्जरलैंड नॉर्वे आइसलैंड व लिंकटेस्टीम शामिल है इनसे व्यापार व आर्थिक समझौता हो गया है जो दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी है, जिसका परिणाम भारत के अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की संभावना को रेखांकित करना जरूरी है, जो मिशन 2047 के लिए मील का पत्थर साबित होगा। चुंकि भारत का 16 वर्षों की बातचीत के बाद यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापारी को आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के समझौते के विकास का आगाज मीलल का पत्थर साबित होगा।

साथियों बात अगर हम ईएफटीए द्वारा टीईएपी पर हस्ताक्षर करने की करें तो,भारतझयूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन ने आज यानी 10 मार्च, 2024 को एक व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर किए।भारत ईएफटीए देशों, जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता (टीईपीए) पर काम करता रहा हैपीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईएफटीए देशों के साथ टीईपीए पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है। ईएफटीए अपने चार सदस्य देशों के लाभ के लिए मुक्त व्यापार एवं आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 1960 में गठित एक अंतरझसरकारी संगठन है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं उपभोक्ता मामले तथा वस्त्रमंत्री ने कहा, टीईपीए एक आधुनिक और



महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है। पहली बार, भारत चार विकसित देशोंझजो यूरोप में एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक हैढके साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर रहा है। एफटीए के इतिहास में पहली बार 100 बिलियन डॉलर के निवेश और 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारीप्रतिबद्धता की गई है। यह समझौता मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अवसर प्रदान करेगा। यह एफटीए बड़े यूरोपीय तथा वैश्विक बाजारों तक भारतीय निर्यातकों को पहुंच प्रदान करेगा।ह्यइस समझौते में 14 अध्याय शामिल हैं, जिसमें मुख्य फोकस वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच, उद्भव के नियमों, व्यापार सुगमीकरण, व्यापार उपचारों, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपायों, व्यापार से संबंधित तकनीकी बाधाओं, निवेश संवर्धन, सेवाओं पर बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकारों, व्यापार एवं सतत विकास तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों पर है। ईएफटीए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि करने के लिए निरंतर अवसर बढ़ रहे हैं। ईएफटीए यूरोप में तीन (अन्य दो ईयू एवं ब्रिटेन) में से एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है। ईएफटीए देशों में से स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है जिके बाद नॉर्वे का स्थान आता है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के विचारों की करें तो उन्होंने बताया कि भारत और ईएफटीए के साथ हुए समझौते में सामान सेवाएं और निवेश, आईटी, ऑडियो विजुअल और कुशल पेशेवरों जैसे प्रमुख घरेलू सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसमें निवेश और निर्यात को बढ़ावा देना प्रमुख हैं। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया। भारत ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे।भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर रहा था, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 27.23 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब डॉलर था। इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। आगे कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगें। साथियों बात अगर हम टीईपीए की मुख्य विशेषताओं की करें तो, (1) ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक को 100 बिलियनडॉलर तक बढ़ाने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है।2 )एफटीए के इतिहास में पहली बार लक्ष्य उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगारों के सृजन के बारे में कानूनी प्रतिबद्धता जताई जा रही है।(3) ईएफटीए अपनी 92.2 प्रतिशत टैरिफ लाइनों कीपेशकश कर रहा है जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करता है। ईएफटीए के बाजार पहुंच प्रस्ताव में 100 प्रतिशत गैर-कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद (पीएपी) पर टैरिफ रियायत शामिल है।(4)भारत अपनी 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों की पेशकश कर रहा है जिसमें 95.3 प्रतिशत ईएफटीए निर्यात शामिल है जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। सोने पर प्रभावी शुल्क अछूता रहा है। ऑफर बढ़ाते समय फार्मा, चिकित्सा उपकरणों और प्रसंस्कृत खाद्य आदि क्षेत्रों में पीएलआई से संबंधित संवेदनशीलता को ध्यान में रखा गया है। डेयरी, सोया, कोयला और संवेदनशील कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बहिष्करण सूची में रखा गया है।(5)भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है और स्विट्जरलैंड से 128, नॉर्वे से 114,लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं।(6)टीईपीए हमारी प्रमुख ताकत/रुचि के क्षेत्रों जैसे आईटी सेवाओं, व्यावसायिक सेवाओं, व्यक्तिगत, सांस्कृतिक, खेल और मनोरंजक सेवाओं, अन्य शिक्षा सेवाओं, ऑडियो- विजुअल सेवाओं आदि में हमारी सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहित करेगा।(7) ईएफटीए की सेवाओं की पेशकश में सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी ( मोड 1), वाणिज्यिक उपस्थिति (मोड 3) और प्रमुख कर्मियों के प्रवेश और अस्थायी प्रवास के लिए बेहतर प्रतिबद्धताओं और निश्चितता ( मोड 4 ) के माध्यम से बेहतर पहुंच शामिल है।(8)टीईपीए में नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट आदि जैसी व्यावसायिक सेवाओं में पारस्परिक मान्यता समझौतों के प्रावधान हैं।(9)टीईपीए मेंबौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित प्रतिबद्धताएं ट्रिप्स स्तर पर हैं। स्विट्जरलैंड के साथ आईपीआर अध्याय, जहां आईपीआर के लिए उच्च मानक हैं, हमारी मजबूत आईपीआर व्यवस्था को दर्शाता है। जेनेरिक दवाओं में भारत के हितों और पेटेंट की सदाबहारता (एवरग्रीनिंग) यानी सदाबहार की प्रक्रिया में शामिल पेटेंट कानून और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून के विशिष्ट पहलू, से संबंधित चिंताओं को पूरी तरह से संबोधित किया गया है।(10)भारत सतत विकास, समावेशी विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनीप्रतिबद्धता का संकेत देता हैव्यापार प्रक्रियाओं की पारदर्शिता, दक्षता, सरलीकरण, सामंजस्य और स्थिरता को बढ़ावा देता है टीईपीए हमारे निर्यातकों को विशेष इनपुट तक पहुंच को सशक्त बनाएगा और अनुकूल व्यापार और निवेश माहौल तैयार करेगा।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तों में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ों में, सयानों में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

## राजस्थान में कांग्रेस उतरेगी हैवीवेट प्रत्याशी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस पार्टी** ने आगामी लोकसभा चुनाव में राजस्थान के लिए अभी किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। जबकि भाजपा ने 25 में से 15 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस चुनाव समिति की तरफ से अभी तक देश भर में कुल 39 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। आने वाले एक-दो दिनों में कांग्रेस पार्टी द्वारा कई अन्य प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाने वाली है। जिसमें राजस्थान के प्रत्याशियों के नाम भी शामिल होने की बात कही जा रही है। राजस्थान में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा में देरी के पीछे कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश में दो क्षेत्रीय दलों से चुनावी गठबंधन करने की संभावना को बताया जा रहा है। राजस्थान में पिछले दो बार से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया था। प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर दोनों बार भाजपा के प्रत्याशी जीते थे। मगर इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतरना चाहती है जो भाजपा प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर तो देंगे ही साथ ही प्रदेश में जीत का खाता भी खोल सकेंगे। तीन महीने पहले विधानसभा चुनाव में हार चुकी कांग्रेस पार्टी के पास अब प्रदेश में खोने को कुछ नहीं बचा है। ऐसे में कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं का मानना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस करो या मरो की नीति पर चलते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव लडेगी। इसी श्रृंखला में कांग्रेस के सभी प्रदेश स्तरीय बड़े नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतार जायेगा। हालांकि कांग्रेस के कई बड़े नेता लोकसभा चुनाव लड़ने में आनाकानी कर रहे हैं। मगर कांग्रेस आलाकमान ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है। उसको देखकर लगता है कि अब राजस्थान में भी कांग्रेस के बड़े नेताओं को चुनाव लड़ना ही पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। मगर उनके गृह क्षेत्र जोधपुर में दो बार से लगातार कांग्रेस हार रही है। पिछली बार तो उनके पुत्र वैभव गहलोत भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से करीबन 3 लाख से अधिक मतों से चुनाव हार गए थे। इसलिए इस बार कांग्रेस आलाकमान स्वयं अशोक गहलोत को जोधपुर से चुनाव मैदान में उतारने जा रहा है। अशोक गहलोत जोधपुर से पांच बार सांसद तथा जोधपुर संसदीय क्षेत्र के ही सरदारपुर से छठी बार विधायक बने हैं। ऐसे में अशोक गहलोत के खुद के चुनाव लड़ने से चुनावी मुकाबला कांटे का होने की संभावना जताई जा रही है। अशोक गहलोत के लोकसभा चुनाव लड़ने का असर प्रदेश की अन्य लोकसभा सीटों पर भी पड़ेगा और कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी।

इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को टोंक-सवाई माधोपुर सीट से चुनाव मैदान में उतर जाएगा। पायलट अभी टोंक से विधायक है तथा पूर्व में दौसा व अजमेर से सांसद रह चुके हैं।

# विचार

## आत्मकथात्मक लेखन साहित्य की दुरूह विधा है

आत्मकथात्मक लेखन साहित्य की दुरूह विधा है और इस विधा को बड़े भोले और मासूम तरीके से नवोदित लेखिका बलजीत कौर 'सब्र' ने अपनी प्रथम कृति "बीती हुई बतियां" में पिरोया है। बचपन से लेकर अब तक की इनके निजी अनुभवों की जीवंत गाथा को अपने संस्करण में लिपिबद्ध किया है। यह लेखिका के लिए शुभ लक्षण है कि बाल्य काल से ही उनकी पठन-पाठन में गहन रुचि रही है और उसी का सम्यक प्रतिफल का प्रमाण इस कृति के रूप में हमारे हाथों में है। यह बचपन के विभिन्न अध्यायों में विभक्त संस्करणों का एक बड़ा कैनवास है जिसमें लेखिका ने अपनी तूलिका से अलग-अलग रंगों से सजाया है। लिखे गए साहित्य में लेखिका की अपनी स्वयं की अनुभूतियों तथा संवेदनाओं के स्मरण का संप्रेषण तथा अभिव्यक्ति दी है, कलात्मक अभिव्यक्ति में सादा भोलापन,मूल मानवीय संवेदना और

सपाट वक्तव्य भी समाहित हैं, उनके लेखन में कृत्रिमिता कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती है आडंबर विहीन शब्दों का चयन करके लेखिका ने इसको बड़े ही निजी अंदाज में संकलित किया है। इस किताब में आठ आलेखों में अब तक के अनुभवों का विस्तृत विवरण समाहित है। बीती हुई बतिया में कुछ बातें जो दैनंदिनी की दिनचर्या में उल्लेखित है किंतु कुछ ऐसी बातें जो मन में घूमड घूमड कर मस्तिष्क के तंतुओं में आकर रुक जाती हैं उन्हें भी लिखकर ने भावनात्मक संश्लेषण में अभिव्यक्त किया है। बचपन वाला इश्क, चाय, बारिश को सजदा, स्कूल की अनमोल सखियां, छत पर गुजरे लम्हे, कुछ बातें जो दिल के करीब है, वो दौर, और इस महत्वपूर्ण कृति की मुख्य पृष्ठभूमि में शीर्षक बीती हुई बतियां में लेखिका ने अपने जीवन का निचोड़ प्रस्फुटित किया है। निसंदेह इनका यह प्रथम प्रयास साहित्य जगत के लिए शुभ संकेत है। सचमुच मानवीय संबंधों को पंख और उड़ान देती है चाय की मीठी चुस्कियां यह उनका गहन व्यक्तिगत अनुभव है और चाय को केवल चाय न मानकर बतरस का बेहद रोचक और संग्रहणीय जरिया बनाया है, चाय एक अंतरण बातों का खूबसूरत माध्यम भी हो सकता है यह लेखिका ने साबित किया है। बारिश को सजदा में अंतरंग भावनाओं को अंतस की तपिस को बारिश की बूंदों में शांत करते हुए लेखिका का मन सचमुच अंतरंग बातों से भीग भीग जाता है

यह लेखिका की सफलता है। बाल मन में मित्रता सखियां और बाल मित्र संबंधों की सीमाओं से परे जाकर अंतरंग रिश्ते में परिवर्तित हो जाती है बचपन मित्रता को समर्पित होता है और इन्हीं स्मृतियां को इस कृति में बड़े ही मार्मिक तरीके से इंगित किया गया है। छत पर गुजरे हुए लमहे हर व्यक्ति की जिंदगी में एक अलग अनुभव और विशेषताओं को दशार्ता है यह केवल अनुभव नहीं बचपन की मधुर स्मृतियां जैसे हर मनुष्य लम्हा गुजर जाने के बाद फिर से पाने का प्रयास करता है, इसी जादूगरी में बड़ी दक्षता के साथ लेखिका ने अपनी बात रखी है। बीती हुई रतियों में आकाश के तारों को ताकते हुए भविष्य की कल्पनाओं में खोना मनुष्य का खूबसूरत स्वप्न होता है। उन्हें स्वप्नों को लेखिका ने स्वयं अपने दिल में जिया है। लेखिका भावनात्मक रूप से संवेदनशील है और यही वजह है कि उन्होंने बडे ही संवेदनशील तरीके से अपनी बातों को अपनी किताब में प्रस्तुत किया है। कुछ बातें जो दिल के करीब है मैं लेखिका ने अपने मन की बात को जैसा का वैसा ही लेखन में उतार दिया है उनके लेखन में कहीं भी आत्मश्लाघा, या आत्म प्रवंचना नहीं है, आत्म विश्लेषण होते हुए भी सब कुछ बड़ा खुला एवं स्पष्ट है। लेखिका बलजीत कौर उस कष्ट साध्य समय का भी उल्लेख करती है जब वह करोना जैसे भीषण संक्रमण से पीड़ित थी और उसे दौरान उन्होंने अपनी परिस्थितियों को बड़े ही दिल से संपूर्ण संवेदना और मर्म के साथ लिखने के माध्यम से पाठकों के समक्ष रखा है पूरे विश्व के साथ इस किताब का पाठक भी उसे संक्रमण काल को याद करके नख से शिख तक अत्यंत भयभीत हो जाता है, ऐसे में लेखिका द्वारा उसे पीड़ा को अभिव्यक्त करने का दुरूह कार्य किया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## खरीदने की ताकत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

उधर गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं। इधर जनता हाय-हाय करने लगी। यह बात अंधभक्तों को बुरी लगी। वे लोगों को समझाने निकल पड़े कि गैस सिलेंडर की कीमतें नहीं बढ़ी हैं बल्कि आम जनता में खरीदने की क्षमता में कमी हुई है। जनता कामचोर होती जा रही है। विकासशील देश में ऐसी जनता का होना नाक कटाने से कम नहीं है। कुछ अतिउत्साही अंधभक्तों ने टोली बनाई और तय किया कि ऐसी कामचोर जनता जहाँ भी मिलेगी हम उनकी खूब कुटाई करेंगे और उनसे जमीन पर नाक रगड़वाकर कहलवायेंगे कि दुनिया में इतना सस्ता गैस सिलेंडर कहीं नहीं मिल सकता। और तो और उनसे यह भी कबूलवाने का प्रयास करेंगे कि गैस सिलेंडर में कोई ऐसी-वैसी गैस नहीं है। इसमें देशभक्ति की गैस भरी है। इस गैस से पका पकवान राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का संचार करेगा। जो गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करेगा वह राष्ट्रद्रोही और देश के नाम पर कलंक कहलाएगा। अंधभक्तों ने एक बस्ती पर धावा बोला। वहाँ जाकर लोगों के गैस सिलेंडर उठा लाए। हर किसी के पास एक या दो सिलेंडर थे। अंधभक्तों के मुखिया ने कहा झ लोगों से बहस कर सिलेंडर हथियाने में रात हो गई। कल मीडिया में इस खबर के बारे में रिपोर्ट जारी की जाएगी कि किस प्रकार सरकार से मुफ्त के गैस सिलेंडर लेकर उन्हीं पर अंगुली उठा रहे हैं। ऐसा करने से गैस सिलेंडर की कीमतों का विरोध करने वालों के मुँह पर ताला पड़ जाएगा। कल दोपहर को सब मीडिया प्वाइंट के पास मिलेंगे। चूँकि गैस सिलेंडर भरे हुए हैं सो सभी एक सिलेंडर अपने-अपने घर ले जाओ। सभी मैं ले जाऊँगा तो बस्ती भर के लोग इसी पर खाना पकाना शुरू कर देंगे। वैसे नेता का मतलब लूटी हुई सामग्री का एक समान आबंटन करने वाला होता है। तुम सबको तो पता ही है कि इन्हीं सिलेंडरों को होटलों, दुकानों में बेचकर हमारा धंधा पानी चलता है। इसलिए तुम सब भी यही करना। बदले में खाली सिलेंडर उठा लाना। अगले दिन दोपहर को सब मिले पर सिलेंडर कोई नहीं लाया था। अंधभक्त मुखिया ने कहा झ सभी अपने-अपने सिलेंडर यहाँ दे दो। इन्हें दिखाकर मीडिया के सामने भोली भाली कहलाने वाली जनता का असली चेहरा बेनकाब करते हैं।

## मातृभाषा से परे

**विजय गर्ग**

**अपनी समृद्ध सांस्कृतिक** विविधता वाले भारत में 22 अनुसूचित भाषाएँ और 19,500 अन्य सक्रिय भाषाएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना अनूठा सांस्कृतिक मूल्य है। यह बहुभाषी संस्कृति भारत की शिक्षा प्रणाली का केंद्र है और कक्षाओं में इसकी प्रतिध्वनि होती है, जहां छात्र अक्सर दो अलग-अलग भाषाओं में सीखने और अध्ययन करते हैं। शिक्षा में बहुभाषावाद को अपनाने से समावेशिता को बढ़ावा मिलता है, जिससे सभी को गहन सीखने का अनुभव मिलता है।

विद्वान डेविड ग्रैडोल भाषा सीखने से परे बहुभाषावाद के सार का विस्तार करते हैं। वह इसे एक संज्ञानात्मक संपत्ति के रूप में देखते हैं, जो व्यक्तियों को विश्व स्तर पर परस्पर जुड़ी दुनिया में पनपने के लिए सशक्त बनाती है और संज्ञानात्मक लचीलेपन, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालती है, इस बात पर जोर देती है कि बहुभाषावाद कैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करता है। अनुसंधान लगातार इसके संज्ञानात्मक लाभों को दशार्ता है, जिससे पता चलता है कि कुशल बहुभाषी लोगों के पास बेहतर स्मृति, ध्यान, मल्टीटास्किंग क्षमताएं और महत्वपूर्ण सोच और निर्णय लेने जैसे कौशल होते हैं। इसके अनुमानित आर्थिक मूल्य के कारण, भारत में अंग्रेजी भाषा की मांग बढ़ रही है। अंग्रेजी का भविष्य: वैश्विक परिप्रेक्ष्य, एक हालिया शोध प्रकाशन, इस बात पर जोर देता है कि अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा बनी रहेगी; भारत में, विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में स्थानीय भाषाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और अंग्रेजी को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। बच्चे की मातृभाषा के साथ एक विषय के रूप में पढ़ाई जाने वाली अंग्रेजी की शुरूआत, बच्चों को भाषा को बेहतर ढंग से सीखने और समझने में सक्षम बना सकती है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में भी परिलक्षित होता है, जो स्थानीय भाषाओं के महत्व और विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में अधिक समग्र और प्रभावी सीखने का अनुभव प्रदान करने में उनकी भूमिका को स्वीकार करता है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

**सोनीपत: उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### नवीन गर्ग बनें भाजपा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी

**पंचकूला:** भाजपा संगठन ने प्रदेश मीडिया विभाग में विस्तार करते हुए नवीन गर्ग को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी से विचार विमर्श के बाद श्री गर्ग को प्रदेश सह मीडिया का दायित्व दिया है। इस बाबत पार्टी की ओर से अधिकारिक पत्र भी जारी किया गया है। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त करने पर नवीन गर्ग ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। बता दें कि नवीन गर्ग पंचकूला में पिछले 8 सालों से भाजपा जिला मीडिया प्रमुख का दायित्व संभाल रहे थे। श्री गर्ग की मेहनत और पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। अपनी नियुक्ति पर श्री गर्ग ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है उस पर वह पूरी निष्ठा और लगन के साथ काम करते हुए पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

### क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 14 मार्च, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** क्रिस्टल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड (केआईएसएल या कंपनी) के इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम गुरुवार, 14 मार्च, 2024 को खुलेगा। ऑफर में ? 1,750 मिलियन ( ? 175 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 1,750,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है (एक साथ, प्रस्ताव)।



ऑफर का प्राइस बैंड ? 680 से ? 715 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 20 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 20 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है (मूल्य बैंड)। एंकर इन्वेस्टर ऑफर बुधवार, 13 मार्च, 2024 को होगा। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 14 मार्च, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 18 मार्च, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)।

कंपनी नए इश्यू से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - (i) कंपनी द्वारा लिए गए ?100 मिलियन ( ?10 करोड़) की कुछ उधारी का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (ii) कंपनी की ?1000 मिलियन ( ?100 करोड़) की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए फंड जुटाना; (iii) ? 100 मिलियन ( ? 10 करोड़) की नई मशीनरी की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय के लिए फाइनेंस जुटाना और (iv) शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए।

बिक्री के प्रस्ताव में क्रिस्टल फैमिली होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के 1,750,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। बिक्री प्रस्ताव की आय प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक को प्राप्त होगी (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक)।

कंपनी के इस रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयर 4 मार्च, 2024 को मुंबई में कंपनी रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र (आरओसी) के पास दाखिल किए गए।

# सोनीपत में एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक ने संभाला अपना कार्यभार

## डीईओ नवीन गुलिया ने दी शुभकामनाएं और भरोसा जताया स्कूल स्तर पर खेलों को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सोनीपत के भैंसवाल कलां निवासी जगवीर सिंह मलिक को एक बार फिर से सोनीपत जिले का सहायक शिक्षा अधिकारी खेल (एईओ स्पोर्ट्स) बनाया गया है । जगवीर सिंह मलिक ने मॉडल टाउन स्थित शिक्षा विभाग दफ्तर में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया की मौजूदगी में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने जगवीर सिंह मलिक को शुभकामनाएं दी और भरोसा जताया कि उनकी देखरेख में स्कूल स्तर पर खेल व खिलाड़ियों का समुचित विकास होगा। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में से ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी निकलेंगे जो हरियाणा प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन करेंगे । एईओ



स्पोर्ट्स जगवीर मलिक ने भी कहा कि वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे ।

विदित हो कि जगवीर मलिक पहले भी सोनीपत में करीब एक दशक तक बतौर सहायक शिक्षा अधिकारी खेल तैनात रह कर स्कूली खेलों को पूरा बढ़ावा दिया था । अपने समय के दमदार पहलवान रहे जगवीर मलिक अब स्वयं भी एथलेटिक्स में जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं । उन्होंने पिछले दिनों हैदराबाद में आयोजित पांचवीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 50-55 आयु वर्ग के 1500 मीटर रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया था । उन्होंने पिछले वर्ष कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित चौथी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत व कांस्य पदक जीतकर खेल के प्रति अपने जज्बे का प्रदर्शित किया था । इसके अलावा वे हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर रेस में स्वर्ण पदक व पांच हजार मीटर रेस में रजत पदक हासिल कर चुके हैं। वे ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज के कुश्ती मुकाबले में भी अब तक चार बार रजत व कांस्य पदक जीत चुके हैं, जिसकी बदौलत इन्हें कई स्पेशल इन्क्रीमेंट मिलते रहे हैं । उन्होंने विद्यार्थियों का आटीमान किया कि वे जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए लगातार कड़ी मेहनत करें। नए कार्यभार संभालने पर एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक को रोहतक मंडल आयुक्त संजीव वर्मा, उपायुक्त डा. मनोज कुमार, भारतीय महिला कुश्ती टीम के पूर्व चीफ कोच कुलदीप मलिक, अंतरराष्ट्रीय कोच राज सिंह छिक्कारा, शमशेर पहलवान भैंसवाल कला, भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राज नारायण सिंह आदि ने भी शुभकामनाएं दी है ।

## सभी वर्गों के 20 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिला पानीपत के गांव बडोली में सरपंच सोनू की अध्यक्षता में आज भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की गण मान्य व्यक्तियों ने भाजपा दामन थामा इस अवसर पर ने भट्ट ने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जिसमें जिसमें कार्यकताओं को सम्मान पूर्वक दर्जा दिया जाता है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भारत में 18 और 19 वर्ष के लगभग 2 करोड नए मतदाता है जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे उन्होंने बताया इन युवाओं में देशभक्ति राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर भरी है उन्होंने

**कमल के साथ**

8 भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है कार्यकर्ताओं को सम्मानपूर्वक दर्जा दिया जाता है

बताया कि आज सभी वर्गों के 20 कार्यकताओं ने भाजपा का दामन थामा लिया। जिसमें गांव के सरपंच सोनू ,सरपंच सुधीर, अनिल कुमार, कुलदीप वाल्मीकि ,नरेंद्र कश्यप, धनपत सिंह, नंदपाल ,प्रकाश, रामकिशन ,सतबीर शर्मा ,सत्येंद्र पंडित ,रविंद्र ,प्रकाश ,प्रदीप अन्य गणमान्य मौजूद रहे ।

### 'लोगों का जीवन सरल और सुरक्षित करने के लिए दिन-रात काम करते हैं मोदी'

**सोनीपत/गोहाना: त्रिदेव** सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी ने कहा कि गरीब लोगों के जीवन को सुगम, सुरक्षित व सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिन-रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार गरीब लोगों के ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजना लेकर आई ताकि हमारे गरीब परिवार भी जरूरत पड़? पर अच्छे अस्पतालों में अपना ईलाज करवा सकें। हरियाणा सरकार ने इसी योजना का विस्तारीकरण करते हुए आयुष्मान चिरायु कार्ड शुरू की, ताकि ज्यादा से ज्यादा परिवारों को इसमें कवर किया जा सके।

## भजन मण्डली गांव-गांव कर रही लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सूचना,** जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मण्डली सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को विभागीय भजन मण्डली द्वारा कासंडी व कासंडा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला में प्रचार अभियान के तहत लोगों को सरकार की जनहितकारी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग के कलाकार हरियाणवी



कला एवं लोक संस्कृति को जीवित रखते हुए आमजन को लोक गीतों व भजनों के माध्यम से सीधे तौर पर सरकार की योजनाओं व नीतियों से जोड़ रहे हैं।

डीआईपीआरओ ने बताया कि प्रचार-प्रसार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से रूबरू करवाना है ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भजन पार्टी लीडर कपूर डूक्षसह, पार्टी सदस्य कृष्ण जुआं, मुनीराम, मनोज कुमार, कृष्ण भावड़, गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

प्रचार अभियान के माध्यम से हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी क्षेत्रीय गायन शैली के जरिए ग्रामीणों तक पहुंच रही है।

भजन पार्टी कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को जल शक्ति अभियान सहित हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, परिवार पहचान पत्र, जल शक्ति अभियान, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, सीएम विंडो, ई-रजिस्ट्रेशन, जमाबंदी-इंतकाल, कॉमन सर्विस सेंटर, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान चिरायु योजना आदि के बारे में सरल भाषा में जागरूक एवं रूबरू कराया जा रहा है।

### भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश: पंवार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व जननायक राहुल गांधी के सन्देश को जन जन तक पहुचाने के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी सभी वर्गों की नेता बहन कुमारी शैलजा के दिशा निर्देशानुसार अपने जनसम्पर्क को आगे बढ़ाते हुये पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की दलबीर नगर में एक सभा का आयोजन कर घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पार्टी की नीतियों से उपस्थित कॉलोनीवासियों अवगत कराया गया । सभा मे बतौर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस घोषणा पत्र कमेटी के सदस्य व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का पहुचने पर कॉलोनी के उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया । उपस्थित कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार की कुनीतियों कारण केंद्र व हरियाणा प्रदेश की हालत बद से बत्तर हो गये है भाजपा सरकार 2 करोड़ प्रतिवर्ष युवाओं को नोकरी देने वाले की भाजपा सरकार में पढ़े लिखे असंख्यक युवा बेरोजगार घूम रहे है उन्होंने कहा पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ जगह जगह गन्दगी के ढेर लगे हुये विकास झूठा डिंडोर पीटकर जनता के पैसो को लूटा जा रहा है उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये पवार ने कहा कि आज भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## ऑटो यूनियन की सभा में जुटे ई रिक्शा चालक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर** 15 हुड्डा ग्राउंड में लवट ऑटो यूनियन की सभा हुई। इसमें सर्व सम्मति से सुख चैन और समीर को कार्यकारिणी का ी-ुी१ चुना गया। सभा में ऑटो चालकों से सम्बंधित कुछ मुद्दों पर आज चर्चा करी गई जिनमें 2 मुख्य बातें उभर कर सामने आई । 1. ई रिक्शा कारोबार से जुड़े लोगों की समस्याओं का यथोचित समाधान हो, और इन्हे समाज में सम्मान और बराबरी हक मिले । 2. ई रिक्शा कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए और इस व्यवसाय को संगठित रूप देने के लिए शहर



में एक ी रिक्शा स्टैंड की मूलभूत आवश्यकता है, जिससे रिक्शा चालक और आम जनता दोनों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी । सभा में निर्णय लिया गया कि इस कार्य को शक्ति देने के लिए ऑटो यूनियन द्वारा सम्पर्क अभियान द्वारा ज्यादा से ज्यादा नए चालकों को जोड़ा जाएगा इस अवसर पर मौजूद ऑटो चालकों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट हो कर सरकार से गुहार लगाई । समीर ने कहा कि एक निश्चित स्थान के बिना हमें ऑटो रिक्शा खड़ी करने और करने के लिए बहुत कठिनाई होती है ।

## छात्र-छात्राओं को विधायक विज ने किया सम्मानित

**कमाल हुसैन**


**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के तहसील कैम्प में स्थिति शासकीय विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र रोहित पाल ने हालहि में हुई राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है करोहित को प्रथम पुरस्कार मिलने के बाद पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शासकीय विद्यालय में पहुच कर रोहित को प्रशस्ति पत्र भेट कर 11 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भेट की। विधायक ने रोहित के शिक्षक दीपक कुमार, विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

**इन्हें भी किया सम्मानित:-** विधायक विज ने रोहित के अतिरिक्त शासकीय विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी को एमथ्रीएम की राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5000 रुपए की राशि से सम्मानित किया एवं साहिल को सबसे तेज गति मे माउंट रेनोक पीक पर चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाने के लिए 5000 रुपये की राशि से सम्मानित किया।

## एलेग्जेंडर फ्लेमिंग की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व के महान वैज्ञानिक नोबल पुरस्कार विजेता एलेग्जेंडर फ्लेमिंग की पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की` आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य और जगदीश चहल मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हो गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद और आचार्य बलदेव को भी याद किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य



सत्यवान आर्य ने कहा कि नोबल पुरस्कार विजेता एलेग्जेंडर फ्लेमिंग का निधन 11 मार्च, 1955 को हुआ था जबकि उनका जन्म 6 अगस्त, 1881 को स्कॉटलैंड के शहर डार्वेल में हुआ थो उन्होंने जीवन रक्षक पेनसिलिन नामक प्रतिजैविक या एंटीबायोटिक इंजेक्शन की खोज की थी जो जीवाणु को मारता है और मानव जीवन की रक्षा करता है जिसके कारण विश्व में प्रति वर्ष लाखों लोगों का जीवन बचाया जाता है छात्रों को ऐसे वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेते हुए मानव जीवन की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए`

उन्होंने कहा कि वेदों में विज्ञान का बड़ा महत्व है ' साइंस हमारे जीवन का प्रमुख अंग है ऋषि दयानंद का जो भी विषय होता है वह वेद और विज्ञान पर आधारित है '

उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ में जल प्रशिक्षण की विधि के मंत्र साइंस पर आधारित है वेदों में सभी प्रकार की शिक्षा विज्ञान को बढ़ावा देती है विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में वेदों पर आधारित विज्ञान की लिखित एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ` इस विषय पर सभी बच्चों को पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

## हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना की अधिसूचित

### ग्राम पंचायतों व शहरी निकायों को खेल उपकर अनुदान पर कराए जाएंगे उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपता :** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी।

**अधिसूचना**

8 नगर निकायों के मामले में आवेदन संबंधित वार्ड सदस्य/परामर्शदाता द्वारा जमा किए जाएंगे

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे यदि संबंधित गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

**आवेदनों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया और समय सीमा:** आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा। आवेदन किसी भी कार्य दिवस में जमा करवाए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों के मामले में, संबंधित गांव का सरपंच आवेदन जमा करा सकता है। सरपंच का पद रिक्त होने की स्थिति में ग्राम सचिव आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निकायों के मामले में आवेदन संबंधित वार्ड सदस्य/परामर्शदाता द्वारा जमा किए जाएंगे। खेल के मैदान की नवीनतम तस्वीरों को आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है, जिसमें तस्वीर पर तारीख और स्थान का उल्लेख होना चाहिए।

# गांवों की शामलात भूमि पंचायत को दिए जाने के आदेशों के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: यमुना** खादर के करीब 60 गांवों के किसानों ने अपनी शामलात देह की जमीन को मलकियत करने की मांग को लेकर रविवार को हरिद्वार हाईवे स्थित सनौली-तामशाबाद टोल के पास बने हेलिपेड वाले स्थान पर किसान महा पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर किसानों ने करीब 5 मिनट तक टोल को फ्री कराया और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को सरकार ने नही माना तो वो अनिश्चितकालीन टोल फ्री कराने के साथ-साथ धरना देने के लिए मजबूर हो जाएगें। इस दौरान सनौली खुर्द थाना पुलिस भी मौजूद रही। महा पंचायत की अध्यक्षता बुजुर्ग किसान रघबीर सिंह बिलासपुर ने की और मंच संचालन व नेतृत्व यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रमुख किसान रतन सिंह रावल एडवोकेट ने किया। किसान महा पंचायत के उपरांत कुछ देर के लिये तामशाबाद टोल को फ्री करवाया गया और सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि किसान अपने हक को लेकर अब आर-पार की लडाई लडने को तैयार है। सरकार ने जल्द ही यमुना से सटे गांवों की शामलात देह की भूमि को मलकियत में नही किया तो किसान अब होने वाले लोकसभा व



विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला भी ले सकते है। पंचायत में सभी गांवों के किसानों की सहमती से रिशीपाल त्यागी पूर्व सरपंच सनौली को किसान संघर्ष समिति का अध्यक्ष बनाया गया और रतन सिंह रावल को संरक्षक नियुक्त किया गया। यमुना खादर के सभी गांवों से 11-11 किसानों की कमेटी बनाई गई है और किसान संघर्ष समिति की देखरेख में ही अब आगे का शामलात देह की भूमि को लेकर आंदोलन चलाया जाएगा। किसान महा पंचायत को संबोधित करते हुए रतन सिंह रावल एडवोकेट ने कहा कि यमुना से लगते गांव के किसान शामलात देह की भूमि में हिस्सेदार है और खादर की जमीन इन गांवों के किसानों की मलकियत वाली जमीन है। इसी जमीन पर उनके पूर्वज करीब 100 सालों से खेती करते आ रहे है लेकिन यमुना का बहाव इधर-उधर होने से यह जमीन खुर्द बुर्द होती रही। पंजाब विलेज कॉमन लैंड एक्ट 1961 के सेक्शन 2 जी(1) के अपवाद में इस खादर वाली जमीन को छुट दी गई थी और कहा गया था कि यह जमीन कभी भी पंचायत में नहीं जाएगी। लेकिन सरकार ने बिना खादर के लोगों की राय लिये ही नोटिफिकेशन करके इस अपवाद को हटा दिया गया और इससे खादर के लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे है। रतन सिंह ने कहा कि यदि इस नोटिफिकेशन को वापस नहीं लिया गया तो यह जमीन पंचायत में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे हथनी कुंड बैराज से लेकर पलवल तक के लाखों किसानों की जमीन प्रभावित होगी। इसलिये लाखों किसानों के हित में इस नोटिफिकेशन को वापस लिया जाये। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही यमुना खादर के हजारों किसानों की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो इस आंदोलन को बडे स्तर पर चलाया जाएगा। महापंचायत के दौरान यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता रतन सिंह रावल ने कहा कि यमुना नदी के साथ लगते गांवों की शामलात देह की जमीन में हिस्सेदार व बिस्वेदार व अमन पसंद आदमी है। जिनका मुख्य आजीविका का साधन खेती बाडी है। इन गांव की काफी जमीन यमुना के खादर मे है। कई वर्ष पहले गांव की जमीन जो किसानों की मलकीयत थी, यमुना नदी के पानी के बहाव की वजह से यमुना नदी मे बुर्द हो गई थी। जिसकी वजह से किसानों को अपनी अपनी

**विरोध**

8 अपनी मांगों को लेकर किसानों ने करीब 5 मिनट तक टोल को फ्री कराया और चेतावनी दी

# श्री श्याम बाबा सेवा मंडल का 15वां सामूहिक विवाहोत्सव आज

### श्री श्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा अब तक 300 से ज्यादा गरीब कन्याओं की शादी कराई: सत्यवीर गुप्ता

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** में मनायें जा रहे फाल्गुनोंत्सव में मंगलवार को श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा 15 वां सामूहिक विवाहोत्सव आयोजित किया जाएगा जिसमें एक ही मंडप में 12 कन्याओं की शादी कराई जाएगी। श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल पिछले 15 वर्षों में अब तक 300 से भी ज्यादा गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी करवा चुका है। श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल प्रधान सत्यवीर गुप्ता की अगुवाई में सोमवार को पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया। उन्होंने बताया कि गत 26 फरवरी 2004 को श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल का गठन होने के बाद से हर साल की तरह 2 मार्च से 20 वां फाल्गुनोत्सव मनाया जा रहा है। मंडल के सौजन्य से भव्य



कलश यात्रा से उत्सव का शुभारंभ हुआ ओर 3 से 9 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। 10 मार्च को हवन यज्ञ ओर भंडारे आयोजित हुआ।
मंडल अध्यक्ष सत्यवीर गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाहोत्सव के लिए नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्रांगण सजाया गया है। गरीब व जरूरतमंद परिवारों की विवाह योग्य 12 लड़कियां की शादी हिन्दू रिति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराई जाएगी फेरों की रस्म के बाद विदाई के दौरान सभी को कन्यादान के साथ नई गृहस्थ जीवन शुरू करने के लिए आवश्यक घरेलू सामान भी उपलक्ष्य
करवाया जाएगा। सामूहिक विवाहोत्सव पर होने वाले खर्च के सवाल पर मंडल पदाधिकारियों ने

**सहयोग**

8 वार्षिक दान देने वालों के साथ ही 50-60 मुख्य दानदाताओं से एक लाख रुपए से ज्यादा का सहयोग भी लिया जाता है

बताया कि मंडल के 365 सदस्य हैं जो आपस में धन संग्रह करते हैं। इसके अलावा कुछ 51 सौ रुपए वार्षिक दान देने वालों के साथ ही 50-60 मुख्य दानदाताओं से एक लाख रुपए से ज्यादा का सहयोग भी लिया जाता है। इस मौके पर मंडल प्रधान सत्यवीर गुप्ता, नंदकिशोर सिंघल,मनोज सिंघल,विनय जैन, पंकज गोयल, विपीन गोयल, मोहित गोयल व राकेश बंसल आदि उपस्थित रहे।

# 'वायदे कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कलम से पूरे किए जाएंगे'

**घर-घर कांग्रेस**

8 घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान चला कर घोषणा पत्र से जनता को अवगत करवा रहे थे



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सूर्यप्रताप राठौर ने आज थानेसर विधानसभा एवं कैथल विधानसभा के कई गांव का तूफानी दौरा कर लोगों के समक्ष भाजपा सरकार द्वारा की गई घोषणाओं की पोल खोलते हुए कहा कि भाजपा द्वारा की गई घोषणाएं कोरा झूठ का पुलिंदा साबित हुई है । उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने के लिए केवल मात्र झूठे वायदों के जुमले उछाल रही है। उन्होंने कहा कि असली गारंटी तो कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा किए गए वायदें हैं। राहुल गांधी के वायदे कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कलम से पूरे किए जाएंगे । राठौर गांव के दौरे के दौरान घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान चला कर घोषणा पत्र से जनता को अवगत करवा रहे थे । इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सूर्य प्रताप राठौर ने कहा कि मोदी सरकार ने जनता से जनहित में कई घोषणाएं एवं वायदे किए थे जोकि सबके सब खोखले साबित हुए जिसमें प्रतिवर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा, विदेश से काला धन वापिस लाकर प्रत्येक देशवासी के खाता में 15 -15 लाख रुपए डालने का वायदा हो या किसानों की आय दोगुनी करने सहित अन्य कोई वायदा हो सब झूठ का पुलिंदा साबित हुए हैं।
हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिन सूर्य प्रताप राठौर ने कहां की कांग्रेस ने जिस भी प्रदेश में चुनाव के दौरान जो भी वायदा किए वह सरकार बनने पर सबसे पहले पूरे किए, इसी प्रकार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर राहुल गांधी द्वारा युवाओं से किए वायदे सबसे पहले पूरे किये जाएंगे।

# युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली हैं'



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन. :** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य आम नागरिक को धरातल पर साफ नजर आ रहे है। इस सरकार ने दस सालों में इतने विकास कार्य किए इतने कार्य कांग्रेस की सरकार कभी सोच भी नहीं सकती। इस देश को कांग्रेस ने 70 साल लूटने का काम किया और देश की जनता को धोखा देने काम किया है। इसलिए हरियाणा प्रदेश की जनता समझदार और जानती है कि भाजपा ही देश व प्रदेश को विकसित बना सकती है। भाजपा नेता संदीप गर्ग बाबैन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हर देश में भारत देश के चर्चे होते है, यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी भारत देश के बारे में सोचते है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से कार्य किया है। क्षेत्रवाद, परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति को खत्म करके अंत्योदय की

**विकास काय4**

8 डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य आम नागरिक को धरातल पर साफ नजर आ रहे

नीति पर काम करते हुए सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में ही देश को दुनिया में पाँचवें पायदान पर लाकर खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी प्रदेश की उन्नति के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे है। इस प्रदेश में लोग भाजपा की नीतियों व जन कल्याणकारी योजनाओं से खुश है और इस प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ पहुंचा है और गरीब एंव योग्य युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली है।

# प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए, मजबूर बनाने वाली नहीं: चित्रा

**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी:-** कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने आज अम्बाला छावनी के बी.डी फ्लौर मिल के पीछे हरि नगर व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरूआत एक डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात करते हुई की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल व यादव समाज के प्रधान करण यादव व अनेकों महिलाएं,युवा और कार्यकर्ता उनके साथ रहे।
***घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस*** एक जनसंपर्क अभियान है जिसके अंतर्गत कॉग्रेस की टीमें



घर-घर जा कर कॉग्रेस के संकल्प,राहुल गांधी जी की सोच और 'न्याय' की सोच हर किसी तक पहुंचाएगी। हर घर में नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं ने कॉग्रेस के लिए समर्थन माँगा। घर-घर में जहां लोगों से मुलाकात की तो सामने से जनता ने बेरोजगार युवाओं,टूटी सड़कों और बढ़ती महंगाई के चलते भाजपा सरकार पर

**साधा निशाना**

8 हरियाणा में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं

रोष व्यक्त किया। चित्रा ने कहा की आज पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। जो हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था वो हरियाणा आज अपराध में नंबर-1 था, आज विकास में 17वें नंबर पर और महंगाई, बेरोजगारी,नशा, अपराध और भ्रष्टाचार में 1 नंबर पर है।आज हालात ये है की भाजपा राज में अम्बाला छावनी के मंदिर भी सुरक्षित नही है रोजाना अम्बाला छावनी में मंदिरों के ताले चोरो द्वारा तोड़े जा रहे है पर सुरक्षा के नाम पर सरकार सो रही है।रोजाना चैन स्नैचिंग,चोरी,लूटपाट की घटनाएं आम बात हो गई है।
आज हरियाणा में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं।

### मानसिक रूप से परेशान था हत्या कर सुसाइड करने वाला वैज्ञानिक२

**हिसार:** यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आठ साल की बेटी की हत्या के बाद सुसाइड करने के मामले में चिकित्सकों ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने मृतक वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार गोयल के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार? गोयल ने रविवार शाम अपनी आठ साल की बेटी सनाया की सर्जिकल ब्लेड से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद संदीप ने भी सुसाइड कर लिया। संदीप वेटरनरी सर्जरी रेडियोलॉजी ऑफिस में तैनात था।

# आरएमपी एसो. ने सामाजिक कार्यों के बारे में किया विचार-विमर्श

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आरएमपी एसोसिएशन की बैठक थानेसर अनाज मंडी की धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान जसवंत सिंह ने की। मंच का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। बैठक में आरएमपी डाक्टरों से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में संगठन को ओर अधिक संगठित करने के बारे में विचार विमर्श हुआ। इसके अलावा बैठक में कई अन्य प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें गर्भपात व लिंग जांच संबंधित कार्य की निंदा सर्वसम्मति से की गई। गर्भपात में लिंग जांच को लेकर



समाज में जागरूकता लाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान एसोसिएशन में जुड़े नए सदस्यों का स्वागत किया गया। प्रधान जसवंत सिंह ने संगठन द्वारा गत वर्ष किए गए सामाजिक कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जसवंत सिंह ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा गर्मियो में ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाना, निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान कैंप व गीता महोत्सव में चाय का लंगर लगाना सहित अनेक सामाजिक

**चर्चा**

8 मंच का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। बैठक में आरएमपी डाक्टरों से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई

कार्य किए जाते है। इस मौके पर धर्मवीर राई हरियापुर, महेंद्र मथाना, सत्यनारायण शर्मा, पवन खेरा, हरबंस सिंह, नायब सिंह राठी, जगदीश कश्यप सहित कई आरएमपी चिकित्सक मौके पर मौजूद रहे।

# 'सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क'

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें । पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही ।वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है। विदेश भेजने या वीजा लगवाने के नाम धोखाधड़ी होने पर पीड़ित इस नंबर पर अपनी



**सावधानी बरतें**

8 लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं

शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# रशियन कलाकार धर्मनगरी में देंगे राम राज्य का संदेश

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र में रशियन कलाकार 13 मार्च को अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। यह जानकारी केंद्र प्रभारी राजयोगिनी सरोज बहन ने प्रातःकालीन मुरली क्लास में दी।
उन्होंने बताया कि कल्याणकारी, पतित पावन, सदा जागती जोत परमात्मा शिव के अवतरण के यादगार दिवस के उपलक्ष्य में 'महाशिवरात्रि उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन 13 मार्च बुधवार को प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में "स्वर्णिम भविष्य का स्वर्णिम मंत्र" देने के लिए रशियन

**उद्देश्य**

8 फिर से राम राज्य की संकल्पना को साकार करना रशियन कलाकारों का उद्देश्य है

कलाकारों का समूह पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि रूस की सांस्कृतिक राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग में 30 वर्ष पहले डिवाइन लाइट कला एवं संस्कृति ग्रुप की स्थापना हुई थी। इसकी मुख्य निर्देशिका राजयोगिनी संतोष दीदी है।
उन्होंने बताया कि रूस देश से



पधारे इन राजयोगी कलाकारों द्वारा भारतीय संगीत तथा रशियन लोक संगीत एवं नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी।
राजयोग द्वारा एकता, सद्भावना, प्रेम और भाईचारे द्वारा फिर से राम राज्य की संकल्पना को साकार करना रशियन कलाकारों का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए 28 -30 रशियन कलाकारों का यह समूह ईश्वरीय संदेश देगा। उन्होंने धर्मनगरी निवासियों को कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि थीम पार्क के सामने ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में सभी भाई-बहन 13 मार्च को समय पर पहुंच कर रशियन कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

# बेरोजगारी से जूझ रहे युवा विदेशों में कर रहे पलायन: अनिका

**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने हर घर कांग्रेस अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क किया।लोगों से मुलाकात करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने कहा कि हरियाणा में सरकार को 10 साल पूरे हो चुके है इन 10 सालों में भाजपा सरकार से किसान, व्यापारी, कर्मचारी, मजदूर हर छोटा दुकानदार सभी दुखी हो चुके हैं। हरियाणा में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून व्यवस्था और रोजगार देने के मामले में हरियाणा नंबर एक पर था।लेकिन आज भाजपा जेजेपी के राज में हरियाणा बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार, और नशे के मामले में नंबर वन बन गया है। हरियाणा की जनता इन सभी से परेशान और दुखी बैठी है और प्रदेश की जनता 2024 के चुनावों में वोट की चोट से इन दुखों का बदला लेगी।



### गल्फ देशों में सब्जियां बेचने के संसाधन किसानों को मुहैया करवाए जाएंगे: अशोक मंगालीवाला

**हिसार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने विभिन्न चाय कार्यक्रमों व बैठकों को संबोधित करते हुए जनहित के कार्यों में साथ देने की अपील की है। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि वे हिसार लोकसभा के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। हिसार जिले को आगे बढ़ाने और उसका परिदृश्य बदलने के लिए अनेक योजनाएं तैयार हैं। जनता ने साथ दिया तो जल्द ही सभी योजनाएं क्रियान्वित भी कर दी जाएंगी। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि विभिन्न गांवों का दौरा करने के बाद एहसास हुआ कि अधिकतर गांवों की गलियां व नालियां टूटी पड़ी हैं।

# गीता विद्यालय के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल

**योगदान**

8 छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में न केवल छात्रों का अपितु अध्यापकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में वंदना सत्र में प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ के द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में न केवल छात्रों का अपितु अध्यापकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है



।इस वर्ष छात्रों को साइंस ओलंपियाड की तैयारी विद्यालय के साइंस अध्यापकों प्रदीप , अनुज वालिया व अध्यापिका गरिमा गोयल व शांभवी द्वारा करवाई गई ।इस वर्ष विद्यालय के 32 छात्रों ने साइंस ओलंपियाड में प्रतिभागिता की। जिनमें से पांच छात्रों ने बहुत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।इन छात्रों को आज प्रातः वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुरश्रेष्ठ ने गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इन छात्रों के नाम गुरजीत सैनी(कक्षा6),खुशाल सिंगला(कक्षा 7),देवांशु(कक्षा 8),वंशबूरा(कक्षा 8),दुशान्त (कक्षा 8).।

# 'सच्चरित्र यौन संचारित संक्रमण को रोकने में निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका'

### डॉ.शैली ने यौन रोग संक्रमा कि इलाज में चिकित्सकों की मदद के लिए नर्सिंग अधिकारियों को कई टिप्स दिए

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नैतिकता एवं सच्चरित्र यौन संचारित संक्रमण एवं प्रजनन प्रणाली संक्रमण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है और नर्सिंग अधिकारी यौन संचारित एवं प्रजनन प्रणाली संक्रमण रोगों के उपचार एवं निदान में नर्सिंग अधिकारी रोग संबंधी गोपनीयता एवं निजता बनाए रखते हुए रोगी एवं चिकित्सा के बीच में एक महत्वपूर्ण पुल का काम करते हैं।" यह जानकारी पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन डॉ. शैलेंद्र ममगाईं 'शैली' ने अस्पताल परिसर में स्थित



जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला की स्वास्थ्य संस्थानों के नर्सिंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए दी। शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. रमेश सभ्रवाल के सहयोग से मातृ-स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किया गया था। डॉ. शैली ने बताया कि प्रजनन पथ संक्रमण में वे संक्रमण शामिल हैं जो मनुष्यों के प्रजनन पथ को प्रभावित करते हैं एवं यौन

**संक्रमण**

8 प्रजनन पथ संक्रमण में वे संक्रमण शामिल हैं जो मनुष्यों के प्रजनन पथ को प्रभावित करते हैं

संचारित वे रोग हैं जो यौन संपर्कों के माध्यम से फैलते हैं; लेकिन प्रजनन पद के साथ-साथ शरीर के अंगों को भी प्रभावित कर सकते हैं। कई कारक यौन संचारित रोगों की रोकथाम को मुश्किल बनाते हैं; जिनमें एक या अधिक साथियों के साथ असुरक्षित यौन गतिविधि, सुरक्षित यौन अभ्यासों के बारे में शिक्षा की कमी,अपने साथी के साथ सुरक्षित यौन अभ्यासों के बारे में बात करने की अनिच्छा, स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में कमी एवं अधूरा इलाज मुख्य रूप से शामिल हैं। डॉ.शैली ने यौन रोग संक्रमण के इलाज में चिकित्सकों की मदद के लिए नर्सिंग अधिकारियों को कई टिप्स दिए; जिनमें मरीज की बीमारी का पूरा इतिहास जानना, उसका भौतिक निरीक्षण, समुचित इलाज,स्वास्थ्य शिक्षा, कंडोम का सही उपयोग,साथी को इलाज एवं और आवश्यकता पड़ने पर उसको सही स्थान पर रेफर करना शामिल है। शिविर के अंत में डॉ. ममगाईं द्वारा सुनाई गई कविताओं 'हंसना जरूरी है।

# 20 मार्च एकादशी के दिन होगा विराट फाल्गुनी महोत्सव

## महोत्सव की तैयारियों को लेकर लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने अधिकारियों की लगाई जिम्मेदारियां



**तैयारियां**

8 महोत्सव को सफल बनाना हम सब की अहम जिम्मेदारी है : सांसद भाटिया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** चुलकाना धाम में आगामी 20 मार्च को होने वाले श्री श्याम फाल्गुनी महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्राचीन सिद्धि श्याम बाबा मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं की अहम बैठक हुई जिसमें करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया, उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए विचार मंथन किया। लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि महोत्सव को सफल बनाना हम सब की अहम जिम्मेदारी है। महोत्सव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि श्याम फाल्गुनी महोत्सव को सफल बनाने को लेकर तैयारियां जोर शौर से की जा रही है। पूरे मंदिर को नया रूप प्रदान किया जा रहा है। आगंतुकों के प्रवेश द्वार को भव्य रूप प्रदान किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान 1 लाख से ज्यादा दीप जलाये जायेंगे। महोत्सव में 101 संतों की भागेदारी होगी। संतों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव में 5 लाख साधकों के पहुंचने की उम्मीद है। महोत्सव में 1 करोड़ लोग आनॅ लाईन जुड़ेगे। महोत्सव का प्रसारण द्व्य व श्रृव्य माध्यमों से किया जायेगा।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि महोत्सव में पहुंचने वालों के लिए पीने के पानी के अलावा शौचालय व वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सांसद ने इस मौके पर प्रचार वैन को झंडी दिखा कर रवाना किया व मुदिर परिसर में लाइटों का उपायुक्त के सहयोग से नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव में 48 घंटे दिन रात भजन कीर्तिन का कार्यक्रम रहेगा। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास के अलावा उच्चकोटि के संत गोविंद गिरी, ज्ञानानंद जी महाराज व दिन्यानंद जी प्रमुख रूप से पधारेंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर परिसर में 125 से ज्यादा लाइटें लगाने का कार्य चल रहा है जोकि 17 मार्च से पहले पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर तक पहुंचने वाले सभी मार्गो को दुरस्त किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सभी मार्गो पर 700 के करीब स्टॉल लगाये जायेंगे। साधकों की संख्या के अनुसार भंडारे की व्यवस्था की जायेगी। इन स्टॉलों पर आगंतुकों के लिए विशेष व्यंजन की व्यवस्था की जायेगी। सुरक्षा के द्दष्टिद्दगत मदिर परिसर में चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है।

# डेरा बाबा संवार नाथ गांव बाहरी कुरुक्षेत्र में 15 से 18 तक सॉन्ग का होगा आयोजन

**उत्सव**

8 श्रद्धालुओं में पूरा उत्साह है और ट्रस्ट के सभी सदस्य सांग उत्सव एवं भंडारे की तैयारियों में जी जान से जूटे हुए हैं



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** डेरा बाबा संवार नाथ गांव बाहरी कुरुक्षेत्र में पुजारी मुकेश नाथ जी के मार्गदर्शन में फाल्गुन मास की नवमी के उपलक्ष में सॉन्ग उत्सव व विशाल भंडारे का होगा आयोजन। यह सॉन्ग उत्सव 15 मार्च से 18 मार्च तक चलेगा व विशाल भंडारा 18 मार्च 2024 को संवार नाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी 1126) द्वारा आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान मानसिंह बचगावां व उपाध्यक्ष मिहा सिंह रंगा ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हरियाणा के मशहूर सांगी भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त श्री चंद्र लाल बेदी के शिष्य सूरजभान बिबियान उर्फ सूरज बेदी द्वारा सॉन्ग प्रस्तुत किया जाएगा । सॉन्ग उत्सव कार्यक्रम 15 से 18 मार्च समय दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। उन्होंने कहा कि भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में पूरा उत्साह है और ट्रस्ट के सभी सदस्य सांग उत्सव एवं भंडारे की तैयारियों में जी जान से जूटे हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पाम ऑयल के लाभों के बारे में जानें और गलतफहमियों को दूर करें

**नई दिल्ली।** साबुन, शैंपू, मेकअप और लोशन जैसे लगभग 70% पर्सनल केयर प्रोडक्ट में पाम ऑयल एक मूल घटक है। मार्जरीन, आइसक्रीम, चॉकलेट, डिटर्जेंट, इंस्टेंट नूडल्स, बायोडीजल, सौंदर्य प्रसाधन और खाना पकाने के ऑयल इन सभी में पाम ऑयल सर्वव्यापी है।लोग लंबे समय से खाने में पाम ऑयल का इस्तेमाल करते आ रहे हैं, लेकिन हाल ही में, पाम ऑयल लगातार बहस और चर्चा का विषय रहा है, जिसके उत्पादन और उपयोग से जुड़े कई गलतफहमियां हैं। जैसे पाम ऑयल में सॅच्युरेटेड फॅट्स की मात्रा अधिक होने के कारण यह अस्वास्थ्यकर है लेकिन यह एक गलत धारणा है । इस धारणा को कोकोनट ऑयल और घी के उदाहरणों से चुनौती मिलती है, दोनों में सॅच्युरेटेड फॅट्स की मात्रा अधिक होती है, फिर भी इन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं माना जाता है। मानव स्वास्थ्य पर फॅट्स के प्रभाव जटिल हैं, और हाल के अध्ययन इस धारणा को चुनौती देते हैं कि सभी सॅच्युरेटेड फॅट्स अस्वास्थ्यकर हैं। जैसा कि घी पर रिपोर्ट में बताया गया है, पौधे-आधारित सॅच्युरेटेड फॅट्स (जैसे कोकोनट ऑयल और पाम ऑयल) और पशु-आधारित सॅच्युरेटेड फॅट्स के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। सॅच्युरेटेड फॅट्स इष्टतम मानव स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल द्वारा चल रहे प्रयासों के साथ यह प्रमाणन जिम्मेदार उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता हैं। गलतफहमियों को दूर करने और पाम ऑयल के लाभों को पहचानने से, जानकारीपूर्ण चर्चा को बढ़ावा मिलता है, साथ ही आर्थिक कल्याण को भी समर्थन मिलता है।पाम ऑयल, बीटा-कैरोटीन और विटामिन ई-टोकोट्रिएनोल्स सहित पौष्टिक फॅट्स की संतुलित संरचना के साथ, कम मात्रा में सेवन करने पर स्वस्थ आहार में योगदान देता है।

लाभों को पहचानें : पाम ऑयल न केवल खाना पकाने के लिए अच्छा है, बल्कि इसमें विटामिन ई और एंटीऑक्सिडेंट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व भी होते हैं जो आपकी त्वचा और स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं जैसे कि :

मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में सुधार लाता है
अल्जाइमर रोग से जुड़े संज्ञानात्मक गिरावट से बचाता है
रेड पाम ऑयल के सेवन से विटामिन ए की कमी दूर होती है
संभावित कैंसर रोधी गुण प्रदर्शित करता है

बहुमुखी प्रतिभा : पाम ऑयल एक अविश्वसनीय रूप से बहुमुखी उत्पाद है जिसका उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधन, जैव ईंधन और फार्मास्यूटिकल्स सहित विभिन्न उद्योगों में किया जाता है। इसके अद्वितीय गुण, जैसे उच्च तापमान पर स्थिरता, इसे कई उपभोक्ता वस्तुओं में एक आदर्श घटक बनाते हैं।

वैश्विक खाद्य सुरक्षा : पाम ऑयल वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण घटक है। अन्य ऑयल फसलों की तुलना में प्रति हेक्टेयर इसकी उच्च उपज, इसे खाद्य ऑयल की बढ़ती मांग को संबोधित करते हुए, वैश्विक खाद्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करती है।

### कैमिकारा ने लगाई जीत की हैट-ट्रिक

**नोएडा।** भारत के पहले प्योर केन जूस रम निमार्ता, पिकाडिली डिस्टिलरीज ने एक बार फिर भारतीय रम के लिए एक मील का पत्थर स्थापित करते हुए वैश्विक स्तर पर इतिहास रचा है। हाल ही में आयोजित रम एंड कैसाका मास्टर्स 2024 प्रतियोगिता में, कैमिकारा ने दो स्वर्ण और एक रजत के साथ एग्रीकोल एज्ड रम कैटेगरी में शीर्ष पोजिशन हासिल की है : कैमिकारा 12बायओ और 8बायओ ने स्वर्ण पदक जीते और कैमिकारा 3बायओ ने एक रजत पदक हासिल किया है। कैमिकारा एकमात्र भारतीय ब्रांड है जिसने दुनिया भर के बेहतरीन रम और कैसाका ब्रांडों के बीच यह पुरस्कार जीता है। यह प्रशंसा बताती है कि स्वदेशी प्रीमियम रम दुनिया भर में एक योग्य दावेदार के रूप में उभरी है, और दुनिया भारत के नए सितारे यानी कैमिकारा के प्रति तेजी से आकर्षित हो रही है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, पिकाडिली डिस्टिलरीज के संस्थापक, सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, ह्लहम इस मानसिकता को तोड़ना चाहते हैं कि रम एक सस्ता ड्रिंक है। इसलिए हमने भारत की पहली प्योर केन जूस वाली रम का उत्पादन किया है, जो फ्रेश केन जूस से बनी एग्रीकोल स्टाइल है। इसका स्वाद हमारे मौसम, मिट्टी और गन्ने की याद दिलाता है। यह रम हमारी जमीन और समय का एक प्रमाण है, जो किसी भी वैश्विक उत्पाद से बिल्कुल जुदा है। पुराने एडिशन, जो आठ साल से ज्यादा समय तक मेच्योर किए जाते हैं, ये रम की तुलना में कॉन्यैक के काफी करीब होते हैं और तीन साल पुराने नवीन संस्करण प्रीमियम टकीला के जैसे होते हैं, जो आपको उस मिट्टी और वनस्पति का स्वाद देते हैं जहां से यह आता है। कैमिकारा एक पूर्ण प्राकृतिक उत्पाद है जिसमें कोई अतिरिक्त चीनी नहीं है।"

द स्पिरिट्स बिजनेस की अध्यक्षता में यूके के लंदन में आयोजित रम एंड कैसाका मास्टर्स प्रतियोगिता, स्पिरिट उद्योग का एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। यह प्रतियोगिता अपने कठिन ब्लाइंड टेस्टिंग प्रारूप के कारण महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

# पाइट में महफिल ए सरताज में झूमा पानीपत

**धूम**

8 पाइट कॉलेज में मेस्ट्रोज उत्सव के अंतिम दिन सरताज ने हर किसी को नचाया



**समालखा/कुलदीप सिंह: सुरों के** सरताज डॉ.सतिंदर सरताज के गीतों पर पूरा पानीपत झूम उठा। तीन घंटे तक सतिंदर सरताज ने अपने सुरों की बारिश से हर किसी को भिगो दिया। पानीपत के नाम की बार बार अरदास भी लगाते रहे।

यहां पाइट कॉलेज में मेस्ट्रोज उत्सव के अंतिम दिन सरताज ने हर किसी को नचाया तो सूफी गीतों से खूब मग्न किया। जब उन्होंने साईं की तान छेड़ी तो हर कोई उन्हीं की रो में बहते चले गए। इश्क में डूबे प्रेमियों के नाम गीत सुना गुदगुदाया। जब वह ताली बजाते तो हजारों लोग उनका साथ देते, जब वह किसी गीत का मुखड़ा सुनाते तो दूसरी ओर से पूरा गीत सुनाई देता। सजन राजी हो जाए, रोला नहीं पाइदा पागला पर जैसे सभी उनके साथ हो गए। सरताज की इस महफिल में पानीपत, करनाल के एसपी, एसडीएम, मेजिस्ट्रेट, प्रशासनिक अफसर, चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

**नाचा, हंसा और खिलखिलाया हर चेहरा:** सरताज की महफिल में हर कोई हंसा, नचा और खिलखिलाया। हिंदी गीतों का भी पंजाबी में खूब प्रयोग करते हुए दर्शकों से रूबरू हुए। जब ऐसे चिकने चेहरे तो कैसे न नजर फिसले गीत गुनगुनाते हुए बोले कि हरियाणा के ऐसे चिकने चेहरों पर कैसे न नजर फिसले। पानीपत और पाइट का मंच पर बार-बार नाम लिया।

सरताज की महफिल के साथ ही पाइट में तीन दिवसीय मेस्ट्रोज संपन्न हुआ। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से यूथ वेलफेयर के निदेशक डॉ.जगबीर राठी एवं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से डॉ.अंकेश्वर प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। नुक्कड़ नाटक में आत्मा राम कॉलेज दिल्ली प्रथम रहा। टीशर्ट पेंटिंग में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की भावना प्रथम रहीं।

# स्वीप वोटर्स जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवगत**

8 शिविर एसडी कॉलेज में एनएसएस स्वयं सेवको को वोटरकार्ड बनवाने के तरीकों पर प्रकाश डाला

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पानीपत के निर्देशन में जिला निर्वाचन कर्यालय की ओर से स्वीप वोटर्स जागरूकता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हितेश चंद शर्मा ने सोमवार को विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर एसडी कॉलेज में एनएसएस स्वयं सेवको को वोटरकार्ड बनवाने के तरीकों पर प्रकाश डालते हुए डिजिटल इंडिया सक्षम युवा का महत्व समझाया।

इस मौके पर वोटर कार्ड में प्रयुक्त फार्म,

ऐप, साइट एवं इसकी प्रक्रिया से संबंधित वेलिंटीयर्स की जिज्ञासाओ का समाधान कर वोटर कार्ड हेतु फॉर्म भरने को दिए गए। एन.एस.एस. प्रभारी डा संतोष, डा गर्ग की मोजुदगी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अनिवार्य मतदान हेतु लोकतंत्र के पर्व को मजबूत करने लिए सभी को डॉ. हितेश चंद शर्मा द्वारा शपथ दिलाई गई।

# प्रॉपर्टी टैक्स में ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर किया 31 मार्च

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुए संपत्ति कर दाताओं की सुविधा के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया है। अब 31 मार्च 2024 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने नगर परिषद क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्ति कर दाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह तुरंत अपनी प्रॉपर्टी को स्व-प्रमाणित कर-के इस छूट का लाभ उठाएं। अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति कर से संबंधित विवरण जैसे नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई त्रुटि है तो वह ऑनलाइन पोर्टल यूएलबीएचआरवाईएनडीसी.ओआर जी में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संपत्ति कर दाता नगर निगम एरिया में अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टिद्द करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है।

# स्वाभिमान सम्मेलन में जुटे प्रदेश भर के वैश्य समाज के नेता



**मनीष कुमार**
**अम्बाला: हरियाणा** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि राजनीति में वैश्य समाज के लोगों को सक्रिय भागीदारी करने की जरूरत है। वह आज यहां अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो कानून बन रहे हैं वह पूरी तरह से समाज के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को कानून पढ़ने और उसे देखने की जरूरत है और ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है जो हमारे समाज के खिलाफ नीतियां बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राजनीति के बिना कोई नीति नहीं बनती और जब तक समाज राजनीति में आगे नहीं आएगा तब तक समाज का भला नहीं हो सकता। उन्होंने बहुत साफ कहा कि समाज के विरोधी हर दल में है और उन्हें पहचानने की जरूरत है। समय आने वाला है ऐसे लोगों को हार का मुंह दिखाना चाहिए। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि समाज सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अगर नहीं रहता है इसे रहना चाहिए लेकिन उसे राजनीतिक क्षेत्र में भी काम करना होगा ताकि समाज के लोग विधायक और सांसद बनकर देश की नीति बनाने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हम अपने काम धंधे में लग रहे और इसका परिणाम यह हुआ कि हमारे विधायकों और सांसदों की संख्या कम होती गई और इस बात का फायदा दूसरे लोगों ने उठाया। उन्होंने बहुत साफ कहा कि भाजपा भी वैश्य समाज से एक व्यक्ति को टिकट देने जा रही है और हमें कुरुक्षेत्र और फरीदाबाद दोनों जगह से वैश्य समाज के लोगों को जीतवाकर भेजना है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हमारा बिल्कुल एक सूत्री कार्यक्रम है कि जो राजनीतिक दल समाज के लोगों को टिकट देगा अग्रवाल वैश्य समाज उसका समर्थन करेगा।उन्होंने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन किस पार्टी से है।

# पीएम 13 को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद



**कमाल हुसैन**
**पानीपत: सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने निदेशक एवं जिला नोडल अधिकारी शशि कुमार ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार 13 मार्च को मुरथल विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण के कार्यक्रम की समीक्षा व तैयारियों के लिए अधिकारियों की एक ली। कार्यक्रम को सुचारू एवं सफलता पूर्वक संपन्न करवाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और ड्यूटियां निर्धारित की।

उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समाज के वंचित वर्गों के लोगों के लिए 13 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। यह कार्यक्रम मुरथल विश्वविद्यालय के हॉल में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला के प्रधानमंत्री आवास योजना, नमस्ते योजना, आयुष्मान योजना, पीएम दक्ष, अनुसूचित जाति एवं वित्त विकास निगम तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के लाभार्थी शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने निदेशक एवं जिला नोडल अधिकारी शशि कुमार को आश्वस्त किया कि जिला से करीब 10 बसें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की वहां भेजी जाएगी जिसे आपसी समन्वय के साथ यहां से रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर, जिला कल्याण अधिकारी जयपान सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र हुड्डा, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, एलडीएम तुला राम, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्रों को नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**प्रोत्साहित**

8 बच्चों को नगद 500-500 रुपए व विद्यालय स्टाफ द्वारा भी बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: ग्राम** पंचायत अढ़ोंन के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय अढ़ोंन में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एवं राज्य स्तर की बुनियाद परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद 500-500 रुपए व विद्यालय स्टाफ द्वारा भी बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया व बधाई दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।बच्चों में राधिका पुत्री जयपाल, सिमरन पुत्री किरण पाल व खुशबू पुत्री समन कुमार को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर संजीव कुमार ने कहा कि पंचायत गाँव मे शिक्षा के विकास के लिए कार्य कर रही है ।उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय में हर सम्भव सहायता करने का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर मुख्य अध्यापक रमेश चंद्र, सतीश धनखड़,संजीव सैनी,रितू ,राज रानी,करनैल सिंह,रोशन लाल आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# विजय जैन ने कार्यालय का शुभारंभ किया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत** ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भाई विजय जैन के नवनियुक्त कार्यालय का हवन यज्ञ करके शुरूआत की गई ह यज्ञ की शुरूआत पंडित प्रदीप दत्त ने किया। इस अवसर पर जैन ने कहा है कि यह कार्यालय पूरे ग्रामीण हल्के का संचालन करेगा। जिसकी शुरूआत 24 मार्च दिन रविवार को सुबह 11:00 कार्यालय का उद्घाटन होगा और उसके पश्चात होली मिलन समारोह का भव्य रंगारंग कार्यक्रम भी होगा। जैन ने कहा है कि इसी कार्यालय से सुबह से शाम को मैं बैठकर के लोगों की समस्याएं सुनूंगा और मुख्यमंत्री से मिलकर के उनका समाधान करने का भी प्रयास करूंगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि 24 मार्च को कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर जरूर पहुंचे और अपने भाई का हौसला बढ़ाएं इस अवसर पर लॉर्ड शिवा ग्रुप के सभी पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। समाजसेवी जगदीश जैन ,पदम जैन ,आनंद जैन ,सचिन जैन उर्फ चीनू जैन , आर्यन जैन ,ऋषभ जैन, भावेश जैन ,रमन जैन, हेमंत जैन ,राहुल जैन, बॉबी जैन ,पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चे के अध्यक्ष सतपाल राणा ,दिनेश अग्रवाल , एडवोकेट रमेश मौर्य, राजेश ठेकेदार, रमेश डांगी, बलदेव अरोड़ा हनुमान ,अभिषेक राणा, डॉक्टर सतबीर खरब ,अंकित सैनी ,अशोक मेहता, माधव खन्ना ,सुरेंद्र शर्मा ,विकास वैद ,अमित उपमन्यु ,अजमेर मलिक, नितिन त्यागी ,जयप्रकाश त्यागी, जयंत शर्मा ,नितिन अत्री ,और विजय जैन के स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# हंगामेदार रही निगम की बैठक, पार्षदों ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप



**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अंबाला** नगर निगम की बजट मीटिंग हंगामेदार रही। मीटिंग में 1.44 अरब रुपए का बजट पास किया जाएगा। हाउस की मीटिंग अंबाला क्लब में मेयर शक्ति रानी शर्मा की अध्यक्षता में की जा रही है। हालांकि, खुद मेयर शक्ति रानी शर्मा बजट को लेकर अपनी आपत्ति जता चुकी हैं। मेयर का कहना है कि सफाई पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर गंदगी से अटा पड़ा है। बजट मीटिंग के दौरान भाजपा और कांग्रेस के पार्षद आपस में भिड़ने लगे। इस दौरान मेयर ने कहा कि यह कोई पॉलिटिकल मंच नहीं है, यह हाउस की मीटिंग है, उसके बाद डिप्टी मेयर राजेश मेहता और पार्षद हितेश जैन आपस में भिड़ गए। एक दूसरे को उन्होंने जुबान संभाल कर बात करने की नसीहत दे डाली।

पार्षद टोनी ने मुद्दा उठाया कि गांव ककड़ों की 10 एकड़ पंचायती जमीन पर एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है, लेकिन नगर निगम की अनदेखी के कारण वो 10 एकड़ जमीन का मालिक बना बैठा है। वार्ड नंबर 13 के पार्षद यतिन बंसल ने कहा कि 162 करोड़ रुपए सड़कों पर खर्च किया जा रहा है, लेकिन शहर की सड़कें इतनी खस्ता हैं कि पैदल भी चलना मुश्किल है। शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं जिसमें गड्ढे न हों। शहर की साफ सफाई पर भी करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, शहर में बेसहारा पशु घूम रहे हैं, जिनका कोई समाधान नहीं किया गया। वार्ड नंबर 15 के शोभा सिंह ने कहा कि नगर निगम ने श्मशान घाट की रिपेयरिंग के लिए बजट को घटाकर 50 लाख रुपए कर दिया है, जबकि शहर के सभी श्मशान घाटों की हालत बिल्कुल खस्ता है, वार्ड नंबर 6 की पार्षद अर्चना छिब्बर भी भड़क गईं, जब पार्षदों ने इसका विरोध किया तो मेयर ने हर श्मशान घाट की रिपेयरिंग करने के लिए 5 से 10 लाख रुपए देने का आश्वासन दिया। वहीं, मीटिंग की शुरूआत में ही मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा, वार्ड नंबर 11 से पार्षद मिथुन वर्मा और पार्षद टोनी ने तहबाजारी की साल 2024-25 में इनकम जीरो दिखाने पर नगर निगम के अधिकारियों पर सवाल उठाए। पार्षद मिथुन वर्मा ने कहा कि नगर निगम उनके शौचालय के ऊपर से लगे फ्लेक्स तक नहीं हटा पाया। मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा ने कहा कि नगर निगम अपनी जमीन की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दे रहा, लोग कब्जे कर रहे हैं। वार्ड नंबर 20 से पार्षद प्रीति ने कहा कि मैं बजट कमेटी की मेंबर हूं। अधिकारी ने 29 फरवरी को कमेटी की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन डीएमसी दीपक खुद मीटिंग में नहीं पहुंचे। पार्षदों ने सवाल जवाब किया तो डीएमसी ने कहा कि सब कमेटी में मेरा कोई रोल नहीं।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रमुख सामाजिक** संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने 6 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी गई और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा फूलों की होली भी मनाई गई। इस अवसर पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित





नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 6 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने आर.पी गोयल, संतोष कुमारी, घनश्याम दास गर्ग, धर्मवीर सिंह, राजवती, अनिल कुमार गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पड़ने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 6 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। संस्था के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने सभी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं। कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, शिवचरण गुप्ता, महेंद्र सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पार्षद अजीत यादव ने किया हाई मास्क लाइट का उद्घाटन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** निगम पार्षद अजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वार्ड-17 भलस्वा के मेट्रो अपार्टमेंट में विधायक अजेश यादव व मेरे प्रयासों एवं आप सभी के आशीर्वाद से मेट्रो अपार्टमेंट में 3 हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मेट्रो अपार्टमेंट के निवासी व आरडब्ल्यूए के सभी सदस्य व आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज वार्ड में तीन हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करता हूं और जनता की जो भी समस्याएं होती है,उसका समाधान भी करता हूं, जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिलें।

# मॉडल टाउन विधानसभा में नियुक्त किए गए ब्लॉक अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** लोकसभा चुनाव में चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा ने तो अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा करते हुए चुनावी दंगल में उतार दिया है, तो वहीं प्रवीण खंडेलवाल के सामने किस मजबूत उम्मीदवार को उतारा जाए इसके लिए कांग्रेस अभी गहन मंथन कर रहीं हैं।

**ब्लॉक अध्यक्षों से बढ़ी आकांक्षाएं:** कांग्रेस ने अभी चांदनी चौक लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार तो नहीं घोषित किया है, लेकिन अपने भावी उम्मीदवार को मजबूती दिलाने के लिए ब्लॉक स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसी के साथ ही ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने मॉडल टाउन




विधानसभा क्षेत्र संगम पार्क वार्ड से राजेश टांक को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है, तो वहीं कमला नगर वार्ड से ब्लॉक अध्यक्ष के तौर नीरज मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी है। इस मौके पर टांक ने कहा कि कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी बखूबी निभाउंगा।

**मजबूती से बढ़ना होगा आगे:** जिम्मेदारी दिए जाने से यह कयास लगाए जा रहें है कि इसके सहारे जहां एक ओर पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं ने पार्टी से दूरी बना ली थी उनको मना कर घर वापसी की जाएगी और मजबूत संगठन पुनः तैयार होगा। इस मौके पर टांक ने बताया कि ब्लॉक के सबसे ज्यादा युवा मतदाताओं को भी कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है।

**टांक ने कहा**

8 टांक ने बताया कि ब्लॉक के सबसे ज्यादा युवा मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा।

# आवारा कुत्तों के काटे जाने से लोगों को जान का खतरा: हरीकिशन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस नेता** व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि दिल्लीवासियों को सड़कों व गलियों में घूमते आवारा कुत्तों के काटे जाने से जान का खतरा बना रहता है, लोग कुत्तों के आतंक से गली व मोहल्ले में निकलने से डरते है, लोग जब घरों से सुबह मार्निंग वाक पर जाते है और जब अपने काम पर निकलते या वापस आते है तो उनको पालतू व आवारा कुत्तों के काटने का डर बना रहता है। श्री जिन्दल ने कहा कि दिल्ली में आये दिन सैकड़ों लोग आवारा कुत्तों के काटने का शिकार होते है, शौकिया



पालतू कुत्ते जैसे पिटबुल, लेब्राडोर, बुलडाग, जर्मन शेफर्ड आदि खतरनाक कुत्ते पालते है और उनको लेकर पार्कों या गलियों में घूमते हैं, वह खुले में शौच करते हैं जिससे पार्कों व रोड़ के ऊपर गंदगी फैलती है और कई बार यह पालतू कुत्ते बच्चों व बुजुर्गों पर हमला कर काट लेते है ऐसे कई हादसे पहले हो चुके है और होने का खतरा बना रहता है। सरकार व दिल्ली नगर निगम आवारा कुत्तों से निपटने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, आवारा कुत्तों की नसबंदी सही तरीके से नहीं की जा रही है और टीकाकरण की कोई स्पष्ट नीति नहीं है जिसकी वजह से दिल्लीवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकाला जाना चाहिए और जब तक कोई समाधान नहीं निकलता है। तब तक कुत्तों के लिये नगर निगम वार्ड वाईज पार्को में बाडे (रोकने की जगह) बनाए जाये।

# कार्तिक गिरि ने कौशिक महाराज को सुंदर कलाकृति भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** करतार नगर स्थित चौथा पुस्ता यमुना खादर में आयोजित श्रीअतिरुद महायज्ञ एवम शिव महापुराण की कथा श्री कौशिक महाराज के मुखारविंद से सुनाई गई। यह कथा 23 फरवरी से 10 मार्च तक आयोजित की गई और अंतिम दिवस एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने सहपरिवार भोजन किया। इस अवसर पर परम पूजनीय आचार्य कौशिक महाराज को देश के प्रसिद्ध चित्रकार संजय कुमार गिरि द्वारा बनाया गया उनका सुंदर छाया चित्र उनके छोटे सुपुत्र कार्तिक गिरि ने भेंट किया। ज्ञातव्य हो कि श्री



गिरि ने अब तक लगभग तीन सौ से भी अधिक कवि एवम साहित्यकारों के पेंसिल स्केच बना कर उन्हें भेंट कर चुके है। जिनमें कवि अशोक चक्रधर, इकबाल अशहरी, अरुण जैमिनी, हरिओम पंवार, दीपक गुप्ता आदि हैं। श्री गिरि को चित्रकारी का शौक इनके बचपन काल से ही रहा है।

# कांग्रेस ने महिलाओं के सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक समानता के लिए किया काम: लवली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने महिला दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि महिलाओं के सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सामानता और उत्थान के उदेश्य को लेकर दुनिया भर में महिला दिवस मनाया जाता है और कांग्रेस पार्टी ने आजादी से लेकर आज तक महिलाओं को देश के हर पटल पर बराबरी का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्षा पुष्पा सिंह की



सराहना करता हूं कि इतनी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता यहां मौजूद है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्षा अल्का लांबा, प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, महिला दिल्ली प्रभारी उमा सोनी, नीतू वर्मा, जितेन्द्र कुमार कोचर, अमित मलिक, हरिकिशन जिंदल, हरनाम सिंह, जयकरण चौधरी, राजीव शर्मा सभी महिला जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी सहित सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष भी मौजूद थे।

# शिवाजी कॉलेज में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शिवाजी** कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'वाइब्रेशन 2024' का शानदार आयोजन किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव के पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पद्मश्री सोमा घोष मौजूद थीं। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज तथा सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. निमिता कांत तथा कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस अवसर पर मौजूद रहे। दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के पश्चात प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपना स्वागत संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि साँस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की



सृजनात्मक और साँस्कृतिक प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर होता है। ऐसे कार्यक्रमों से स्वयं से भी परिचय होता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कॉलेज के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए भी प्रेरित किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री सोमा घोष ने अपने उद्बोधन वक्तव्य में कॉलेज विद्यार्थियों के बहुआयामी व्यक्तित्व को निखारने में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से यह बात सिद्ध होती है कि गीत, संगीत, नृत्य आदि अन्य कलाओं के माध्यम से विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। गीत-संगीत से संस्कार और संस्कृति का निर्माण होता है। अपने संबोधन में उन्होंने भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम और अब्दुल बिस्मिल्लाह खान साहब के प्रेरक प्रसंगों को भी साझा किया। उन्होंने लोक में प्रचलित विभिन्न लोकगीतों और शास्त्रीय संगीत की विविध प्रस्तुतियाँ भी दी।

साथ ही कई अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें एकल एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिता,फैशन शो, वाद-विवाद प्रतियोगिता, उद्घोष नुक्कड नाटक प्रतियोगिता, स्वरांजलि एकल गीत प्रतियोगिता टर्न कोट वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेहरू युवा केंद्र पश्चिमी दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की अध्यक्षता में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रघुबीर नगर एमसीडी पार्क मे किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तरूण कुमार (समाज सेवक), एडवोकेट महेंदर (रोहिणी कोर्ट), कबड्डी कोच बबलू ,(जी एम स्पोर्ट्स फैमिली) ब्रिजेश (राष्ट्रीय स्वयंसेवक), पूर्व स्वयंसेवक नेमीचंद, भूषण कुमार, संजीव गुप्ता (कर्मार्थ प्रशिक्षण केंद्र मुंडका) कपिल सर (कर्मार्थ प्रशिक्षण केंद्र मुंडका), निशा कोच नरवाल



स्पोर्ट्स क्लब, निक्की कोच टिकरी खेलकूद परिसर, गीता देवी समाज सेविका बक्करवाला, कृष्णा अध्यक्ष (कृष्णा युवा मंडल) जीतू, ब्राइट ऑरेंज फाउंडेशन से मोहित, मनीष, मिस नर्गिश आदि उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेलों के साथ सामूहिक खेलों का आयोजन किया गया। सामूहिक खेलों के अन्तर्गत रस्सा कस्सी, खो-खो, कबड्डी व महिला दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों ने अपना-अपना प्रदर्शन दिखाया। जिसमें कबड्डी में प्रथम स्थान टिकरी बॉर्डर, द्वितीय स्थान प्रहलादपुर, तृतीय स्थान मुंडका ने प्राप्त किया। खो-खो में प्रथम स्थान दबंग टीम, द्वितीय स्थान मुंडका, तृतीय स्थान पहलादपुर ने प्राप्त किया। रस्सा-कशी में प्रथम स्थान मुंडका द्वितीय स्थान टिकरी बॉर्डर और तृतीय स्थान दबंग टीम ने प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता ने हासिल किया। द्वितीय स्थान शिवानी ने हासिल किया और तृतीय स्थान पर कामिनी रही। जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने सभी युवा प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र संगठन के वर्ष पर्यन्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान की।

# समदर्शी संस्था द्वारा मॉडल टाउन में निकाली गई भव्य निशान यात्रा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र में समदर्शी मॉडल टाउन व वैश्य अग्रवाल संगठन मॉडल टाउन के तत्वाधान में खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते चल रहे थे।

**पुष्पवर्षा कर लोगों ने किया स्वागत:** निशान यात्रा मॉडल टाउन पार्ट-2 रामलीला पार्क से प्रारंभ हुई और क्षेत्र का भ्रमण करते हुए भगत सिंह चौक, महाराजा अग्रसेन चौक से होतें हुए मॉडल टाउन के मुख्य मार्गों से होते हुई दिल्ली धाम खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

निशान यात्रा का स्वागत क्षेत्र के लोगों ने पुष्पवर्षा करके किया।

**500 से ज्यादा लोगों ने उठाया निशान:** निशान यात्रा के दौरान ध्वज लिए श्रद्धालु, ढोल-ताशे की थाप पर नाचते दिखाई दिए। निशान यात्रा में 500 से ज्यादा श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की।

इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी ललायित हो रहे थे। श्री श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हुए भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर समदर्शी के प्रधान पंकज गर्ग, महामंत्री संजीव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक हंसराज रेल्हन, वैश्य अग्रवाल संगठन के प्रधान जय प्रकाश, हरिकिशोर गुप्ता, प्रधान कृष्ण मंदिर, संजय गोयल सनातन धर्मसभा प्रधान, आनंद मित्तल, वीरेंद्र बंसल, मंजू गोयल, राजरानी शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, रमेश बंसल, नवीन मित्तल, सुरेश केजरीवाल, प्रीतम कुमार, ब्रिजेश गुप्ता, प्रवीण कुमार गुप्ता, रोहित जैन, निगम पार्षद विकेश सेठी, निगम पार्षद रेखा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर समदर्शी संस्था के महामंत्री संजीव गुप्ता ने कहा कि श्याम सरकार सभी के हर बिगड़े कार्य बना देते है व भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं। इस मौके पर कई लोगों ने विचार रखें।

# रौनक पब्लिक स्कूल का ५४ वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया


**वार्षिकोत्सव**

8 छात्रों ने रामायण व श्रीकृष्ण लीलाओं की राधा कृष्ण बन मनमोहक प्रस्तुति दी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
शहर के रौनक पब्लिक स्कूल का ५४ वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने अतिथियों व अभिभावकों के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके की। स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अभिभावकों को स्कूल के छात्रों ने रामायण व श्रीकृष्ण लीलाओं की राधा कृष्ण बन मनमोहक प्रस्तुति देते हुए पूरी रामायण व श्रीकृष्ण लीला को विस्तार से प्रस्तुति देकर दिखाया। इसमें छात्रों ने जन्म लीला, कालिया दमन लीला, भक्तवत्सल लीला, आनंद लीला, दामोदर लीला थी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत रामायण व श्रीकृष्ण लीला की अभिभावकों ने सराहना की। अभिभावकों ने पुरानी संस्कृति से दूर हो रहे छात्रों को निकट लाने के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान के अलावा सभी अभिभावक शामिल हुए। रौनक पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्या



इन्द्रनाथ सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण व श्रीकृष्ण लीला वार्षिक समारोह में करवाकर वे अपने स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आज बच्चे अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे है और वे प्राचीन रामायण व श्री



कृष्णलीला को देखना इनता पंसद नही करते। आज छात्रों ने अपने अभिभावकों के साथ रामायण व श्रीकृष्ण लीला को देखा। उत्सव में आनंदमय शाम की शुरूआत में हमारी पौराणिक कथाओं के महानतम महाकाव्यों, श्रीकृष्ण लीला और उसके बाद रामायण को दिखाया है। प्रधानाचार्य सिन्हा ने कहा कि छात्रों की अविश्वसनीय उपलब्धियों और प्रतिभाओं को दिखाया है। यह छात्रों की अदम्य भावना का उत्सव है। अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से, हमारे छात्रों ने बहुत उपलब्धियां हासिल की हैं। शिक्षकों के अथक प्रयासों ने ही छात्रों ने बड़े सपने देखने और ऊंची उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानाचार्य सिन्हा ने कहा कि एनसीसी एयर विंग कैडेटों की एक टुकड़ी ने कैडेट्स ने एयरक्राफ्ट सिम्युलेटर के संचालन और एयरोमॉडलिंग के संबंध में कार्यशाला में माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट के उड़ान भरने का भी अनुभव किया।

# पुलिस वर्दी में आए बदमाशों ने मंदिर के पुजारी को बनाया बंधक

**लूट का मामला**

8 बडौता गांव के मंदिर में पुलिस की वर्दी पहनकर गए 6 बदमाशों द्वारा लूट का मामला सामने आया है।

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
जिले के बडौता गांव के मंदिर में पुलिस की वर्दी पहनकर गए 6 बदमाशों द्वारा लूट का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पहले मंदिर के बाबा को बंधक बनाया, उसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक पूरे मंदिर को खंगाला और वहां से कैश सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए।
मंदिर के पुजारी बृजमोहन दास ने बताया कि रविवार देर रात करीब 9



बजे वह मंदिर के दरवाजे अंदर से बंद करके सोया था। रात करीब 1 बजे 6 लोगों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन मैंने दरवाजा नहीं खोला। बाद में सभी बदमाशों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और अंदर आ गए। दरवाजा तोड ? के बाद सभी बदमाशों ने उसे बंधक बनाया और दूसरे कमरे में ले गए। उन्होंने कहा कि हम सदर थाना से आए हैं और हमें सूचना मिली है कि आप गांजा बेचते हो। इसकी हमको तलाशी लेनी है।
इस दौरान दो बदमाश उसके पास बैठ गए और बाकी चार अंदर मंदिर में चले गए। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक सभी बदमाश मंदिर के अंदर रहे। उसने बताया कि इस दौरान उसके पास बैठे बदमाशों ने पहले मेरे कानों से सोने की बालियों को निकलवाया, फिर हाथ में जो चांदी का कड़ा था, उसे निकलवाया। बाद में जो चांदी की तागड़ी पहन रखी थी, उसको निकलवा कर अपने कब्जे में लिया।
पुजारी ने बताया कि उनके कमरे में जो अलमारी रखी है, उसको भी बदमाशों ने तोड़ डाला और उसमें रखे करीब 30 से 35 हजार रुपए कैश, अन्य जो भी कीमती सामान था, उसे भी अपने कब्जे में लिया।

# इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव से ज्यादा देश और लोकतंत्र महत्वपूर्ण : डॉ. सुशील गुप्ता

**संयुक्त बैठक**

8 इंडिया गठबंधन के तहत आप और कांग्रेस मिलकर करेंगे विकास कार्य: जयप्रकाश जेपी

**टीम एक्शन इंडिया/कलायत/कैथल**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से "इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ . सुशील गुप्ता आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता की संयुक्त बैठक में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश (जेपी) और सुखबीर चहल मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व सरपंच पवन कुमार, राजेश सरपंच, रणधीर प्योदा, सतीश जांगड़ा, एसडीओ बलबीर सजुमा, गज्जन सिंह, रामकुमार, सुनील सहारण, प्रदीप कुराड़, सतपाल बेदी और सत्यवान मौजूद रहे।
मौके पर डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने लोकतंत्र खत्म करने की ठान रखी है। ईडी, सीबीआई का गलत इस्तेमाल, लोगों की अभिव्यक्ति पर रोक और हर व्यक्ति को डर के साए में जीने को मजबूर कर रखा है। लेकिन अब भाजपा के दिन जा चुके हैं क्योंकि लोकतंत्र को बचाने के लिए ही इंडिया गठबंधन बना है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन लोगों का पैनल बनाया जिसमें




प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश का नाम था। लेकिन भाजपा ने संख्या के बल पर उस फैसले को पलट दिया और कानून बनाया कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री, एक उनका मंत्री और नेता प्रतिपक्ष करेगा, यानी कि दो तिहाई बहुमत भाजपा का वहीं एक तिहाई विपक्ष का होगा।उन्होंने कहा कि कोई पार्टी और चुनाव महत्वपूर्ण नहीं है, इस समय देश और लोकतंत्र सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है जिसको बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है। जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से भाजपा में हड़कंप मचा हुआ है। जो भाजपा खेलो इंडिया, स्टार्टप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे नारे देती थी, लेकिन जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से हर जगह से भाजपा इंडिया शब्द को हटाने पर लग गई। लेकिन इंडिया नाम कहां-कहां से हटाएंगे क्योंकि अंत में इंडिया ही जीतेगा। जब खबरें आती थी कि इंडिया गठबंधन नहीं बनेगा तो भाजपा वालों के चेहरे खिलते थे लेकिन जब इंडिया गठबंधन बना है तब से भाजपा घबराई हुई है, क्योंकि इस बार पीएम मोदी की विदाई तय है। जब इस विदाई तय की बात आई तो इन्होंने अरविंद केजरीवाल को ईडी के नोटिस भेजने शुरू कर दिए, ताकि गठबंधन टूट जाए। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने कहा जेल से सरकार चला लेंगे लेकिन इंडिया गठबंधन नहीं तोड़ेंगे।
उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और सीएम खट्टर को बताना चाहता हूं कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेगा और धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से इसकी शुरूआत होगी और इस जीत का आगाज पूरे भारत में जाएगा। हरियाणा का हर व्यक्ति इंडिया गठबंधन को सभी 10 लोकसभा सीटें जीताने की गारंटी दे रहा है। अबकी बार हरियाणा की जनता इनकी ईवीएम की सेटिंग भी फेल करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हर दिन गोलियां चलाई जा रही हैं। भाजपा सरकार ने कानून का राज खत्म कर गोली का राज ला दिया।
उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े रही है और किसानों पर गोलियां चला रही है।

## मेधावी छात्रों, खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य ने किया सम्मान

**सीबीएसई** बोर्ड बारहवीं कक्षा में वर्ष २०२२-२०२३ में छात्र सिद्धार्थ ने ९८ प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, रियांशी गोयल को (वाणिज्य) को ९७.२० प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त करने पर, माही जैन को नासिक में राष्ट्रीय स्तर की कहानी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान लेने पर १ लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित होने पर, सातवीं कक्षा की भव्या जैन ने पटियाला, पंजाब में आयोजित सीबीएसई जोन ताइक्वांडो टूनार्मेंट में रजत पदक जितने पर सम्मानित किया।

# लाउड स्पीकर विवाद में पूर्व सैनिक पर बोला जानलेवा हमला

**राजकुमार प्रिंस**
**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
जिले के राजेपुर गांव में धार्मिक स्थल पर बज रहे लाउड स्पीकर की आवाज कम करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसके चलते पूर्व सैनिक के घर में घुसकर करीब 10 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। इंद्री थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव राजेपुर निवासी 43 वर्षीय पूर्व सैनिक यामीन खान ने बताया कि उसने 16 वर्षों तक देश की सीमाओं पर दुश्मनों के खिलाफ सफल ऑपरेशन किए। उत्कृष्ट कार्यों के लिए सेना ने उन्हें 12 बार



सम्मानित भी किया। सेना से रिटायर्ड होने के बाद शिक्षा विभाग में बतौर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हूं और गांव में ही रहता हूं। मेरे पास दो लडके हैं। बड़ा लडका यूनिस 12वीं और छोटा बेटा आबिद 8वीं कक्षा में पढ़ता है। यामीन ने बताया कि इस समय दोनों बच्चों के बोर्ड की फाइनल परीक्षाएं चल रही हैं। सुबह चार बजे उठकर दोनों बच्चे पढ़ाई करते हैं। लेकिन घर के पास ही बने गोगामेड़ी के मंदिर में तेज आवाज में लाउड स्पीकर चलाया जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। इसको लेकर कई बार उन्होंने मंदिर में रहने वाले परिवार व उसके परिजनों को भी कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की।
पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह जब बच्चे पढ़ाई कर रहे थे तो उस समय भी तेज आवाज में लाउड स्पीकर चल रहा था। इसके बाद वह मंदिर में गया और आवाज को कम करने को कहकर आया। उसके बाद उसी परिवार के 10 लोग सुबह करीब 10 बजे मकान का गेट खोलकर जबरदस्ती अंदर घुस आए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर तेजदार हथियार, डंडे, ईंट, गंडासी, फूटी कांच की बोतल के साथ साजिश के तहत जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया।
वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष से सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह चार बजे यामीन ने उनके घर में घुसकर उसकी पत्नी व उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इंद्री थाना के प्रभारी अजायब सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले मे हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

# नव ज्योति शिक्षा सदन में प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
खुबडू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता चार चरणों में हुई। प्रथम चरण में २.५ से ५ वर्ष, दूसरे चरण में ५ से ८ वर्ष, तीसरे चरण में ८ से ११ वर्ष व चौथे चरण में ११ से १५ वर्ष तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के लगभग २०० प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने हरियाणवी नृत्य से लेकर देशभक्ति, ईश्वर भक्ति से संबंधित प्रस्तुतियां बहुत ही शानदार तरीके से पेश की। निदेशक राजेंद्र कौशिक व प्राचार्या



हीनू शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था सुमन एवं मंजू कौशिक ने संभाली। अभिभावक बबिता, युविका, जगमती, सोनिया खोखर, पूनम पंघाल, रेणुका, खुशबू, नीलम, रेखा, नवीन एवं पुष्पराज ने जज की भूमिका निभाई।

# पीएम मोदी की चुनावी घोषणाओं के लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा में देरी की जा रही: अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने लोकसभा चुनाव की घोषणा में हो रही देरी और भाजपा की रैलियों में लोगों के न पहुंचने को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 2014 में लोकसभा चुनाव की घोषणा 5 मार्च और 2019 में 10 मार्च को हो गई थी। ज्यादातर भारत में लोकसभा चुनाव अप्रैल या मई में होते हैं। लेकिन इस बार अभी तक चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है। एक चुनाव आयुक्त ने हाल ही में चुनाव आयोग से इस्तीफा दे दिया है, अब सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त बचे हैं। जिस तरीके से पूरे कार्यक्रम में देरी की जा रही है, उससे यह लग रहा है कि पीएम मोदी की चुनावी घोषणा के लिए समय दिया जा रहा है। ताकि पीएम मोदी पूरे देश में घूमकर चुनावी घोषणाएं पूरी कर लें उसके बाद चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा होगी। इस सरकार ने पूरे सिस्टम को ताक पर रख दिया है और मोदी सरकार पूरे सिस्टम को हाईजैक करने की कोशिश कर रही है।
उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी अपने चुनावी कार्यक्रमों में चुनावी जुमले फेंकने के लिए जा रहे हैं तो इस बार लोग सुनने के लिए ही नहीं पहुंच रहे। पीएम मोदी गुरुग्राम में कई सारी चुनावी घोषणाएं करने पहुंचे थे लेकिन सुनने के लिए रैली में लोग नहीं थे। ये अलग बात है कि पूरे सिस्टम को ताक पर रखकर 1300 सरकारी बसें भीड़ जुटाने के लिए लगाई गई थी। जब गृह मंत्री अमित शाह आए थे तब भी 1000 सरकारी बसों को लगाया गया था। लेकिन इसके बावजूद भी भीड़ नहीं जुट रही है। लेकिन सरकारी बसों को रैलियों में लगाने से जनता को बहुत परेशानी हो रही है। जब भी पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा में आते हैं तो लोगों को तकलीफ देकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की रैली गुरुग्रम में लेकिन सरकारी बसों की कमी की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतें सहनी पड़ी। जींद डिपो में कुल 200 बसें हैं उनमें से 100 बसें और रोहतक में 185 में से 75 बसें को गुरुग्राम रैली में भेज दिया।
उन्होंने कहा कि हरियाणा की लगभग एक तिहाई से ज्यादा बसों को गुरुग्राम रैली में झोंक दिया गया। लेकिन सारा सरकारी अमला लगाने के बाद भी पीएम मोदी के चुनावी जुमलों को सुनने के लिए हरियाणा लोग नहीं पहुंचे। क्योंकि हरियाणा के लोग किसान विरोधी नेता का समर्थन नहीं कर सकते।

# छात्रों को स्वयं-रोजगार, कार्य कुशलता के बारे जागरूक किया




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलूगढ़ी में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन ने संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने अनुभवो को विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा अपने अभिभाषण में छात्रों को स्वयं-रोजगार, कार्य कुशलता, प्रशिक्षण आदि के विषय में जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। संस्थान के वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार द्वारा सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह दे कर आभार व्यक्त किया गया।

# विधायक ने स्ट्रीट लाइटों व गली निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

8 वार्ड ५ में नियमित हुई पंचवटी कालोनी और हनुमान नगर में गली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
विधायक निर्मल चौधरी ने शहर के शिव पार्क, पांची रोड, महिला कालेज के सामने, बीएसटी रोड, वार्ड ५ चौक, माडल संस्कृति स्कूल चौक व गढ़ी केसरी चौक, शिव पार्क पर लगी हाइमास्क स्ट्रीट लाइटों के कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया, व्यापार मंडल प्रधान शेखरचंद जैन, वार्ड १५ पार्षद



हाईमास्क लाइटों का उद्घाटन करती विधायक निर्मल चौधरी साथ में शेखर जैन व पार्षद शिवानी जैन।

शिवानी जैन, निगरानी समिति चेयरमैन भूषण हसीजा, वार्ड १६ पार्षद नरेश वर्मा, वार्ड १७ पार्षद शमशेर सैनी, डा. जयदेव शर्मा, विरेंद्र भुक्कर, गौरव जैन, राजेंद्र त्यागी, दीपक रापड़िया, महक फौगाट, मनीष नैन व अन्य मौजूद रहे। सोमवार को वार्ड ५ में हाल में नियमित हुई पंचवटी कालोनी और हनुमान नगर में गली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। दोनों कालोनियों में गलियों के निर्माण पर करीब ५ करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस मौके पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, नपा सचिव पवित्र गुलिया, वार्ड ५ पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप पांचाल, जयदेव शर्मा, सचिन धीमान, विरेंद्र भुक्कर, महेश सरपंच, रजनीश त्यागी, डा. सोहन, सतपाल मलिक, बलराज, महेंद्र पांचाल, मुकेश पांचाल मौजूद रहे।

# अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में जनता के हित में ट्रामा सेंटर बनाना चाहिए: गर्ग

**सम्मेलन**

8 सरकार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर हॉस्पिटल बनाने की मंजूरी तुरंत प्रभाव से देनी चाहिए-

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों का सम्मेलन अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। जिस सम्मेलन में भारी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया और



उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश का वैश्य समाज अग्रोहा धाम के नेतृत्व में सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगा हुआ है। समाज की संस्थाओं द्वारा देश व प्रदेश में जगह-जगह स्कूल, हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, धर्मशाला, मंदिर, गौशाला, प्याऊ आदि बनाकर राष्ट्र व जनता की सेवा कर रहा है। देश में ऐसा कोई कोना खाली नहीं मिलेगा जहां पर समाज की संस्थाओं द्वारा जनहित में कार्य ना कर रही हो। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स भी वैश्य समाज व व्यापारी वर्ग दे रहा है। यहां तक की महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों को ऊंचा उठाते हुए समाजवाद को बढ़ावा दिया। अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी। जहां पर महाराजा अग्रसेन जी ने आपसी भाईचारा का संदेश दिया और गरीबों को ऊंचा उठने के लिए अनेकों योजनाएं लागू की। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धर्म नगरी है, जहां पर 30 एकड़ में भव्य रूप से अग्रोहा धाम व 267 एकड़ में महाराजा अग्रसेन मेडिकल बना हुआ है। अग्रोहा धाम में हर रोज हजारों व्यक्ति दर्शन के लिए आते हैं और मेडिकल कॉलेज में हर रोज 3000 मरीजों की ओपीडी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि मेडिकल कॉलेज नेशनल हाईवे नंबर 9 पर बना हुआ है। हर रोज नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट होते रहते हैं। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर ना होने पर मरीजों का समय पर ईलाज ना होने के कारण जान गंवानी पड़ रही है। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा में ट्रामा सेंटर बनाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में संस्था द्वारा 120 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा था। जिसकी आधारशिला भी रख दी गई थी। सरकार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में कैंसर हॉस्पिटल बनाने की मंजूरी तुरंत प्रभाव से देनी चाहिए। अग्रोहा में कैंसर हॉस्पिटल बनाने से इस का लाभ हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के साथ-साथ अनेकों राज्यों की जनता को मिलेगा जबकि इस महंगाई में गरीब आदमी प्राइवेट हॉस्पिटल में कैंसर का ईलाज नहीं करवा सकता है।

# निगम वार्ड ८ में ६० लाख की लागत से विकास कार्यों का शुभारम्भ किया

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
नगरनिगम के वार्ड ८ में गांव लिवान में लगभग ६० लाख रुपये की लागत से तालाब की रिटनिंग वाल, स्ट्रीट लाईटें, बैठने के लिए बैंच व गांव के सौन्दर्यकरण के कार्य का शुभारम्भ किया। निगम पार्षद पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। पिछल्ले दिनों करोड़ों रुपएं की लागत से गांव के गंदे पानी की निकासी के समाधान के लिए कार्य शुरू किया है। इसके अलावा विकास में कोई कमी नही आने दी जाएगी। पुनीत राई ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में समान



विकास करवा रहे है। पुनीत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई जनकल्याणकारी नीतियों की देश व प्रदेश के लोग सराहना कर रहे है। गांव व वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जा रहे है। गरीब व हर वर्ग के लिए बनाई बेहरत नीतियों का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनोहरलाल तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेगी। वार्ड में विकास करवाने पर ग्रामीणों ने उनकी सराहना की।

फास्ट न्यूज

## महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल: उप** मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा पूरे परिवार के लिए लाभप्रद है। महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण है। स्वस्थ और शिक्षित महिला पूरे परिवार को मजबूत करती है। स्वस्थ और सशक्त भारत की यह आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता इलाज की सुविधाओं के समान महत्व रखती है। सही समय में जाँच और योग, व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से कई रोगों से बचा जा सकता है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल सोमवार को भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में "महिला स्वास्थ्य-एक समग्र दृष्टिकोण" परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं का सशक्तीकरण मूलभूत विषय है। जिस पर सरकार लगातार कार्य कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## गाजीपुर बस हादसे में विद्युत विभाग के तीन कार्मिक निलंबित, एक की सेवा समाप्त

**लखनऊ: गाजीपुर जिले में हुई बस हादसे** मामले में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर, एक कार्मिक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं ऊर्जा मंत्री ने बस हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि गाजीपुर जिले में सोमवार को एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से दुःखद हादसा हुआ है।

# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को: राजनाथ

## सीएम योगी संग रक्षा मंत्री ने 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: रक्षा मं**त्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी जी के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ अभी मंच पर भी पूछ रहे थे कि यदि कोई और काम छूटा हो तो बताइए। सीएम योगी को बधाई देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री/लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।



**रक्षा मंत्री ने गिनाए शिलान्यास कार्य:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास हो रहा है। आज लखनऊ नगर के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी. की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है।

### साकार हुई कल्पना, यूपी की धरती पर बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल

**यह** कॉरिडोर प्रारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानतः एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमी. लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले वर्ष एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी। इसी के साथ पर्यटकों के लिए होटल इंडस्ट्री व हॉस्पिटल इकाइयां होंगी।

**राहत**

**8 गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही**

रक्षा मंत्री ने कहा कि उप्र के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी की धरती पर बनेगी। यह काम भी बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। हमारा पड़ोसी मोहनलालगंज भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि विश्व स्तरीय एजेंसी नाइट फ्रैंक आर्थिक उन्नति की गतिविधियों का अध्ययन कर विभिन्न पहलुओं पर तिमाही रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उस एजेंसी ने कहा कि ऐसे शहरों की सूची, जिनमें शहरी क्षेत्र की भूमि के मूल्यों में सर्वाधिक तेजी से वृद्धि हुई है, लखनऊ नगर विश्व में उच्चतम वृद्धि दर वाले दस शहरों में शामिल है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि 20 फ्लाईओवर स्वीकृत हैं। 12 बन चुके हैं, शेष भी बन जाएंगे। अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर पूरे हो जाएंगे। लखनऊ के कौशल महोत्सव में अभी कल ही लखनऊ व आसपास के 6300 लोगों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिला है।

## बैंक सखी बनकर लखपति हुई शाजापुर जिले की संजू



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हों। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

मध्यप्रदेश की महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं। ऐसी ही एक सशक्त महिला हैं शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत गोविंदा निवासी संजू मालवीय। यह जानकारी सोमवार को जनसम्पर्क अधिकारी घनश्याम सिरसाम ने दी।

**स्वावलंबन**

**8 महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं**



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रभु श्रीरामलला के नव्य-भव्य मंदिर में अपनी कैबिनेट के सदस्यों साथ विधि-विधान से दर्शन पूजन किया।

## 'आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के करीब ले जाती है मिशन दिव्यास्त्र की सफलता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन दिव्यास्त्र के अंतर्गत अग्नि 5 मिसाइल की पहली सफल उड़ान के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार शाम को लिखे अपने संदेश में इसे रक्षा क्षमताओं के मामले में भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है, ''स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए डीआरडीओ के समर्पित वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई।

**तकनीक**

**8 स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है**


इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर में स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है, जो हमारे वैज्ञानिक समुदाय के नवाचार और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

## एकता भक्ति श्रद्धा और समरसता का अद्भुत संगम है अयोध्या धाम: राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या/जयपुर:** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अयोध्या में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंत्रीमण्डल के सदस्यगण सांसद व विधायकगण के साथ श्री राम मंदिर के दर्शन किये। मंदिर में पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। देवनानी अयोध्या में श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन द्वारा बनाये जाने वाले सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह में भी सम्मलित हुए। अयोध्या में हनुमानगढी मंदिर और पवित्र सरयू नदी के भी दर्शन किये। उन्होंने कहा कि मंदिर नव्य, भव्य, दिव्य और अभूतपूर्व है।



# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को: राजनाथ

## सीएम योगी संग रक्षा मंत्री ने 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी जी के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। यह हमारा करिश्मा नहीं है, बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ अभी मंच पर भी पूछ रहे थे कि यदि कोई और काम छूटा हो तो बताइए। सीएम योगी को बधाई देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री/लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।



**रक्षा मंत्री ने गिनाए शिलान्यास कार्य:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास हो रहा है। आज लखनऊ नगर के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी. की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है।

### साकार हुई कल्पना, यूपी की धरती पर बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल

**यह** कॉरिडोर प्रारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानतः एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमी. लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले वर्ष एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी। इसी के साथ पर्यटकों के लिए होटल इंडस्ट्री व हॉस्पिटल इकाइयां होंगी।

**राहत**

8 गांव तक पहुंचने वाले 48 लिंक मोटर मार्ग अभी भी अवरुद्ध चल रहे हैं। लोगों को राहत सामग्री भी बांटी जा रही

रक्षा मंत्री ने कहा कि उप्र के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी की धरती पर बनेगी। यह काम भी बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। हमारा पड़ोसी मोहनलालगंज भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि विश्व स्तरीय एजेंसी नाइट फ्रैंक आर्थिक उन्नति की गतिविधियों का अध्ययन कर विभिन्न पहलुओं पर तिमाही रिपोर्ट प्रकाशित करती है। उस एजेंसी ने कहा कि ऐसे शहरों की सूची, जिनमें शहरी क्षेत्र की भूमि के मूल्यों में सर्वाधिक तेजी से वृद्धि हुई है, लखनऊ नगर विश्व में उच्चतम वृद्धि दर वाले दस शहरों में शामिल है।

रक्षा मंत्री ने बताया कि 20 फ्लाईओवर स्वीकृत हैं। 12 बन चुके हैं, शेष भी बन जाएंगे। अप्रैल अंत तक मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर में दो फ्लाईओवर पूरे हो जाएंगे। लखनऊ के कौशल महोत्सव में अभी कल ही लखनऊ व आसपास के 6300 लोगों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिला है।

**फास्ट न्यूज**

### महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल: उप** मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी शिक्षा पूरे परिवार के लिए लाभप्रद है। महिलाओं का सशक्तिकरण समाज का सशक्तिकरण है। स्वस्थ और शिक्षित महिला पूरे परिवार को मजबूत करती है। स्वस्थ और सशक्त भारत की यह आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता इलाज की सुविधाओं के समान महत्व रखती है। सही समय में जाँच और योग, व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से कई रोगों से बचा जा सकता है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल सोमवार को भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में "महिला स्वास्थ्य-एक समग्र दृष्टिकोण" परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं का सशक्तीकरण मूलभूत विषय है। जिस पर सरकार लगातार कार्य कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### गाजीपुर बस हादसे में विद्युत विभाग के तीन कार्मिक निलंबित, एक की सेवा समाप्त

**लखनऊ: गाजीपुर जिले में हुई बस हादसे** मामले में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर, एक कार्मिक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं ऊर्जा मंत्री ने बस हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि गाजीपुर जिले में सोमवार को एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से दुःखद हादसा हुआ है।

### बैंक सखी बनकर लखपति हुई शाजापुर जिले की संजू




**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हों। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

मध्यप्रदेश की महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं। ऐसी ही एक सशक्त महिला हैं शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत गोविंदा निवासी संजू मालवीय। यह जानकारी सोमवार को जनसम्पर्क अधिकारी घनश्याम सिरसाम ने दी।

**स्वावलंबन**

8 महिलाएं आज स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर खुद की आजीविका स्थापित करने में सफल हुई हैं




राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रभु श्रीरामलला के नव्य-भव्य मंदिर में अपनी कैबिनेट के सदस्यों साथ विधि-विधान से दर्शन पूजन किया।

### 'आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के करीब ले जाती है मिशन दिव्यास्त्र की सफलता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन दिव्यास्त्र के अंतर्गत अग्नि 5 मिसाइल की पहली सफल उड़ान के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार शाम को लिखे अपने संदेश में इसे रक्षा क्षमताओं के मामले में भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

मुख्यमंत्री ने लिखा है, "स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए डीआरडीओ के समर्पित वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई।

इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर में स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है, जो हमारे वैज्ञानिक समुदाय के नवाचार और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

**तकनीक**

8 स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक शामिल है

### एकता भक्ति श्रद्धा और समरसता का अद्भुत संगम है अयोध्या धाम: राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या/जयपुर:** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अयोध्या में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंत्रीमण्डल के सदस्यगण सांसद व विधायकगण के साथ श्री राम मंदिर के दर्शन किये। मंदिर में पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। देवनानी अयोध्या में श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन द्वारा बनाये जाने वाले सरस्वती देवी शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह में भी सम्मलित हुए। अयोध्या में हनुमानगढी मंदिर और पवित्र सरयू नदी के भी दर्शन किये। उन्होंने कहा कि मंदिर नव्य, भव्य, दिव्य और अभूतपूर्व है।

